




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 133 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 12 फरवरी 2026 डाक 13 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए







# जैश-ए-मोहम्मद ने करवाया था लाल किले के पास धमाका

## UNSC की रिपोर्ट में पाकिस्तान फिर बेनकाब

**नईदिल्ली 12 फरवरी [एजेंसी]।**



संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद विरोधी निगरानी टीम ने लाल किले पर हुए धमाके को लेकर बड़ा खुलासा किया है। यूएन ने बताया कि एक सदस्य देश ने सूचना दी है कि जैश-ए-मोहम्मद ने दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर हुए हमले की जिम्मेदारी स्वीकार की है। इसके साथ ही, यूएस ने आतंकी संगठन की बदलती रणनीतियों पर चिंता जताते हुए मसूद अजहर द्वारा जमात-उल-मुमिनात नामक एक विशेष महिला आतंकी विंग के गठन की पुष्टि की है।

दरअसल, जैश-ए-मोहम्मद का भारत को मुख्य रूप से निशाना बनाकर आतंकवादी गतिविधियों का एक लंबा इतिहास रहा है। यूएन ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया है कि एक सदस्य देश ने सूचना दी है कि जैश-ए-मोहम्मद ने कई हमलों की जिम्मेदारी ली है और 9 नवंबर को नई दिल्ली के लाल किले पर हुए हमले से भी उसका संबंध है, जिसमें 15 लोग मारे गए थे। यूएन द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 8 अक्टूबर को जैश-ए-मोहम्मद के नेता मसूद अजहर ने औपचारिक रूप से जमात-उल-मुमिनात नामक एक महिला-निहित शाखा की स्थापना की घोषणा की। इस नए संगठन का स्पष्ट उद्देश्य आतंकवादी हमलों को समर्थन देना था, जो समूह द्वारा भर्ती और सहायता रणनीतियों में बदलाव का संकेत देता है। संयुक्त राष्ट्र की निगरानी दल ने चेतावनी दी है कि निरंतर आतंकवाद-विरोधी दबाव के बावजूद, जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूह नए भर्ती मॉडल या प्रतीकात्मक, प्रभावशाली हमलों के माध्यम से अनुकूलनशीलता प्रदर्शित करना जारी रखे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, भले ही कुछ आतंकी संगठन कमजोर या खंडित हो गए हों, लेकिन उनकी खुद को नया रूप देने, पुनर्गठित करने और उच्च-स्तरीय लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बनी हुई है। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र की निगरानी दल ने आतंकवाद की वर्तमान स्थितियों को भी उजागर किया। यहां कुछ देश जैश-ए-मोहम्मद को सक्रिय और परिचालन की दृष्टि से खतरनाक मानती हैं, वहीं एक अन्य सदस्य देश का कहना है कि यह संगठन निष्क्रिय हो चुका है, जो खुफिया आकलन और जमीनी कार्रवाई में लगातार मौजूद कमियों को दर्शाता है। इस तरह की विसंगतियों के कारण दक्षिण एशिया में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी कार्रवाई जटिल हो गई है।

# कांग्रेस सांसद स्पीकर के चैंबर में घुस गए... पीएम मोदी को धमकी दी, रिजिजू ने जारी किया नया वीडियो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद के भीतर का वीडियो पोस्ट करते हुए कांग्रेस के को घेरा है। वीडियो में किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि इसे गैर-कानूनी तरीके से रिकॉर्ड किया गया था, जिससे संसद में तनावपूर्ण कार्यवाही जारी रहने के बीच एक नया राजनीतिक मुद्दा बन गया है। दरअसल, कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की संसद में गैरहाजिरी की आलोचना की गई। इसके जवाब में किरेन रिजिजू ने संसद के भीतर का वीडियो पोस्ट करते हुए वीडियो को गैर-कानूनी बताया है। वीडियो पोस्ट करते हुए किरन रिजिजू ने कहा, यह



एक गैर-कानूनी वीडियो क्लिप है जिसे एक कांग्रेस सांसद ने तब बनाया था जब 20-25 कांग्रेस सांसद माननीय स्पीकर के चैंबर में घुसे, उन्हें गालियां दीं और माननीय प्रधानमंत्री को धमकाया। हमारी पार्टी बहस और चर्चा में विश्वास करती है और कभी भी सांसद को मारपीट करने के लिए बढ़ावा नहीं देती।

इससे पहले मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया था, कांग्रेस को अपने सांसद के सबसे घटिया बर्ताव पर गर्व है, अगर हमने सभी बीजेपी सांसदों को नहीं रोका होता और महिला सांसदों को कांग्रेस सांसद से भिड़ने नहीं दिया होता, तो बहुत बुरा सीन होता। संसद की गरिमा और पवित्रता की रक्षा करना हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के साथ अभद्र व्यवहार किया।

# एनएच-9 पर कार और कंटेनर में टक्कर दो महिलाओं की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर थाना क्षेत्र में एनएच-9 पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति और दो बच्चे घायल हो गए। हादसा गुरुवार सुबह विनोद नगर डिपो के सामने, एमसीडी टोल के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, गाजीपुर थाने को पीएसआर कॉल के जरिए हादसे की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गाजियाबाद की ओर से आ रही एक किआ सेल्टोस कार टोल बूथ के पास खड़े एक कंटेनर ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा कंटेनर में जा घुसा। हादसे में कार में सवार दो महिलाओं, दीपांजलि (38 वर्ष) और नीलम गर्ग (55 वर्ष), की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार चला रहे दीपांशु गर्ग इस दुर्घटना में घायल हो गए। उनके साथ कार में मौजूद दो छोटे बच्चे, विवान (5 वर्ष) और वाशु (3 वर्ष), भी घायल हुए हैं। तीनों को तुरंत इलाज के लिए मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

## लैंबोर्गिनी कार हादसे में आरोपी शिवम मिश्रा गिरफ्तार, पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

**कानपुर, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

ग्वालटोली में हुए लैंबोर्गिनी कार हादसे में आर्य नगर निवासी तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा के बेटे आरोपी शिवम मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया। हालांकि तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा का कहना था कि बेटा दिल्ली में है और उसका इलाज चल रहा है, लेकिन पुलिस ने उसे कानपुर से ही गिरफ्तार किया है। रामपुर में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर दी है। कानपुर में भी अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। ऐसे में शिवम को जमानत मिलना मुश्किल हो सकता है।

### देशव्यापी हड़ताल पर राहुल गांधी बोले-

# मजदूरों और किसानों के संघर्ष के साथ मजबूती से खड़ा हूं



**नईदिल्ली 12 फरवरी ।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्रेड यूनियन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि वह मजदूरों और किसानों के मुद्दों व संघर्षों के साथ मजबूती से खड़े हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देशभर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक की आवाज बुलंद करने के लिए सड़कों पर हैं। मजदूरों को डर है कि चार श्रम कानून उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगे। किसानों को आशंका है कि व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा, और मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आखिरी सहारा भी छिन सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उनके भविष्य (श्रम कानूनों) से जुड़े फैसले लिए गए, उनकी (मजदूरों और किसानों) आवाज को नजरअंदाज किया गया। राहुल गांधी ने लिखा, क्या सरकार अब सुनेगी या उन पर किसी ग्रिप की पकड़ बहुत मजबूत है। कांग्रेस सांसद ने अपने पोस्ट के आखिर में लिखा, मैं मजदूरों और किसानों के मुद्दों और उनके संघर्ष के साथ मजबूती से खड़ा हूं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले किसान यूनियनों ने देशभर में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

उन्होंने भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को भारतीय कृषि, डेयरी और ग्रामीण रोजी-रोटी के लिए सीधा खतरा बताया है। किसान यूनियनों ने तर्क दिया है कि यह रूपरेखा वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बार-बार दिए गए इस भरोसे के उलट है कि खेती और डेयरी को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने हाल के दूसरे एफटीए के नियमों पर भी चिंता जताई, जिनमें न्यूजीलैंड, यूरोपियन यूनियन (ईयू) और यूके के साथ साइन किए गए एफटीए शामिल हैं। यूनियनों ने मांग की है कि सरकार ट्रेड बातचीत में खेती और डेयरी पर अपना स्टैंड साफ करे और घरेलू किसानों व ग्रामीण मजदूरों को संभावित बुरे असर से बचाए।

## नशे में धुत हेड कॉन्स्टेबल ने कार से युवती को कुचला

### हादसे के बाद बोला- मैं परेशान था

**अंबाला।** काली पलटन पुल के पास रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवती की मौत हो गई। आरोप हैं कि नशे में धुत्त एक पुलिसकर्मी ने तेज रफ्तार होंडा सिटी कार (एचआर 29एई 8282) से पहले एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी और फिर सड़क पर उछलकर गिरी युवती को कुचल दिया। हादसे में 24 वर्षीय निकिता बजाज की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रामा सेंटर में स्वजनों और पुलिस के बीच जमकर हंगामा हुआ। स्वजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस अपने कर्मचारी को बचाने का प्रयास कर रही है।

## 18 मंजिला इमारत की लिफ्ट गिरी केबल टूटने से हुआ हादसा, 5 लोग घायल



**नई दिल्ली।** मुंबई के बायकुला में बुधवार रात 18 मंजिला बिल्डिंग की लिफ्ट गिर गई। लिफ्ट गिरने से पांच लोग घायल हो गए। यह हादसा लिफ्त का केबल फेल होने की वजह से हुआ।दरअसल, यह घटना घोडापदेव क्रॉस लेन नंबर एक पर स्थित जय कृपा टॉवर में रात करीब 10 बजे हुई। जहां, जय कृपा टॉवर में रात करीब 10 बजे लिफ्ट चौथी मंजिल से अचानक नीचे गिरी। इस घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, एम्बुलेंस और BMC वार्ड स्टाफ पहुं गए और लोगों को लिफ्ट से बाहर निकाला गया। लिफ्ट में मौजूद पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

# कांग्रेस नेता राहुल ममकूटथिल को केरल हाईकोर्ट से बड़ी राहत, दुष्कर्म मामले में मिली अग्रिम जमानत

**तिरूवनंतपुरम, 12 फरवरी [एजेंसी]।**



केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को पलक्कड़ के कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटथिल को दुष्कर्म और जबरदस्ती गर्भपात कराने के मामले में अग्रिम जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति कौसर एडप्पगथ ने विधायक की उस याचिका पर यह राहत दी, जिसमें उन्होंने तिरुवनंतपुरम सेशन कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। फिलहाल हाईकोर्ट का विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं हुआ है। राहुल ममकूटथिल को इस मामले में 6 दिसंबर 2025 से गिरफ्तारी से राहत मिल रही थी। यह पलक्कड़ विधायक के खिलाफ दर्ज पहला यौन शोषण मामला है। इसके अलावा उनके खिलाफ दो अन्य समान मामले भी हैं।

विधायक को तीनों मामलों में से दो में गिरफ्तारी से राहत मिली थी, जबकि तीसरे मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया और दो सप्ताह से अधिक समय तक हिरासत में रहना पड़ा, जिसके बाद उन्हें नियमित जमानत मिली। इस मामले के साथ ही कांग्रेस नेता और विधायक के खिलाफ यौन अपराध के गंभीर आरोपों की जांच पर निगाह बनी हुई है, और हाईकोर्ट की जमानत के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी।

# 18 साल की ट्रांसजेंडर महिला ने अपनी मां और 11 वर्षीय सौतेले भाई समेत 9 लोगों की गोली मारकर कर दी हत्या

**नई दिल्ली 12 फरवरी।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित टम्बलर रिज में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक 18 साल की ट्रांसजेंडर महिला ने अपनी मां और 11 वर्षीय सौतेले भाई समेत 9 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस कमांडर ड्वेन मैकडॉनल्ड के हवाले से बताया कि रूट्सलार एक ट्रांसजेंडर महिला थी। उसने चार साल पहले हाई स्कूल के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। महिला के पास पहले एक आग्नेयास्त्र लाइसेंस था, जिसकी वैधता समाप्त हो गई थी, और हथियार पहले भी उसके आवास से जब्त किए गए थे- लेकिन बाद में लौटा दिए गए थे। रूट्सलार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, पुलिस उसकी स्थिति की जांच करने के लिए एक से अधिक बार उसके घर जा चुकी है।

प्रांतीय मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के तहत एक से अधिक बार उसका मूल्यांकन किया गया थामैकडॉनल्ड ने कहा, पुलिस पिछले कई वर्षों में कई बार उस (परिवार के) आवास पर गई थी, ताकि संदिग्ध के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से निपटा जा सके। पुलिस ने बताया कि जेसी वैन रूट्सलार ने अपनी मां और सौतेले भाई की हत्या करने के बाद, उस स्कूल के बच्चों पर हमला की, जहां वह चार साल पहले पढ़ती थी। इस हमले में 24 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। स्कूल में पुलिस को छह लोग मृत मिले। इस हमले में एक 39 वर्षीय महिला शिक्षिका और पांच छात्र - तीन 12 वर्षीय लड़कियां और दो लड़के, जिनकी उम्र 13 और 12 वर्ष थी कि मौत हो गई।

## हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का आज 12वां दिन है। 11 बजे दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई। लोकसभा में विपक्षी दलों ने ट्रेड डील और कुछ अन्य मुद्दों पर नारेबाजी करते दिखे। कई सांसद तख्तियों के साथ सदन में आए। हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में अहम विधायी काम जारी हैं। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हो गई है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान सरकार सांसदों के सवालों के जवाब दे रही है। राज्यसभा में अहम विधायी कामकाज कराए जा रहे हैं। लोकसभा की कार्यवाही चंद मिनटों बाद ही स्थगित करनी पड़ी।

## बेकाबू थार का कहर! 6 लोगों को कुचला, एक की मौत, दो की हालत गंभीर

**रांची 12 फरवरी ।**

रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में कल देर रात एक तेज रफ्तार और बेकाबू एसयूवी ने छह लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में 40 साल के धर्मेंद्र कुमार की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने थार चला रहे व्यक्ति की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए बुधवार रात से ही छापेमारी चल रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, साउथ रेलवे कॉलोनी के दुर्गा मंदिर के पास एक गृह प्रवेश कार्यक्रम से खाना खाकर कुछ लोग बाहर निकले थे और सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी रेलवे स्टेशन की ओर से तेज रफ्तार में आई थार ने अपना संतुलन खो दिया और सामने खड़े लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। हादसे के बाद चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि वाहन डोरंडा की ओर भागा था। चुटिया थाना पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। स्टेशन रोड, नेपाल हाउस और दूसरे प्रमुख रास्तों पर लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग भी देखी जा रही है।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# कमाल खान का दावा, राजपाल यादव के पास 50 करोड़ की प्रॉपर्टी, पत्नी को जेल क्यों नहीं



**मुंबई 12 फरवरी।** राजपाल यादव के केस को लेकर फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सितारे मदद को आगे आते दिख रहे हैं। इस बीच केस में नया मोड़ सामने आया है। एक्टर कमाल आर खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि राजपाल यादव के पास 50 करोड़ की संपत्ति है, वह लोन चुकाना नहीं चाहते। साथ ही उन्होंने सवाल किया कि उनकी पत्नी की लोन में सहभागिता रही है फिर उन्हें जेल क्यों नहीं हुई। केआरके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राजपाल यादव के चल रहे चेक बाउंस और कर्ज के केस को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने लिखा कि केस राजपाल यादव और उनकी पत्नी के खिलाफ है, लेकिन उनकी पत्नी जेल में क्यों नहीं है। कमाल आर खान के मुताबिक, उनके एक दोस्त ने राजपाल यादव के हिस्से का 1.50 करोड़ रुपए चुका दिए हैं, इसलिए पत्नी जेल से बाहर हैं। कमाल आर खान ने कहा, राजपाल यादव ने कई बॉलीवुड लोगों से लोन लिया है और वापस नहीं किया। कुछ महीने पहले राजपाल यादव मेरे एक दोस्त का अपार्टमेंट खरीदने वाले थे। उनके एक दोस्त के अनुसार, राजपाल यादव के पास 50 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी है। इसका मतलब है कि राजपाल खुद लोन नहीं चुकाना चाहते। कमाल आर खान ने यह भी दावा किया कि राजपाल यादव के बड़े भाई भी यही बात कह रहे हैं। राजपाल यादव चेक बाउंस केस में तिहाड़ जेल में हैं। मामला साल 2010 का है, जब राजपाल यादव ने अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म अता पता लापता के लिए करीब 5 करोड़ रुपए का लोन लिया था। फिल्म फ्लॉप होने के बाद लोन नहीं चुकाया गया। ब्याज और पेनल्टी जुड़ने से रकम बढ़कर लगभग 9 करोड़ हो गई। राजपाल यादव और उनकी पत्नी द्वारा दिए गए कई चेक बाउंस हो गए, जिसके चलते कई केस दर्ज हुए। साल 2018 में कोर्ट ने उन्हें दोषी ठहराया और 6 महीने की सजा सुनाई। दिल्ली हाई कोर्ट ने कई बार सेटलमेंट के लिए समय दिया, लेकिन पेमेंट नहीं होने पर फरवरी 2026 में सरेंडर करने का आदेश दिया गया। राजपाल यादव 5 फरवरी को तिहाड़ जेल पहुंचे। कई सेलेब्स जैसे सोनू सूद, इंद्रजीत, प्रोड्यूसर इंद्रजीत सिंह संकट में फंसे अभिनेता को आर्थिक मदद दे चुके हैं।

## सबरीमाला सोना चोरी मामले में टीडीबी के पूर्व अध्यक्ष एन वासु को जमानत, SIT नहीं दाखिल कर सकी चार्जशीट

**नई दिल्ली।** केरल के कोल्लम स्थित विजिलेंस कोर्ट ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व अध्यक्ष और कमिश्नर एन वासु को सबरीमाला सोना चोरी मामले में जमानत दे दी। एसआइटी उनकी गिरफ्तारी के 90 दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल नहीं कर सका, जिसके चलते उन्हें वैधानिक जमानत का लाभ मिला। कानून के अनुसार, निर्धारित अवधि में चार्जशीट दाखिल न होने पर आरोपित जमानत का हकदार होता है। एन वासु को 11 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। सोने की प्लेटों में कथित गड़बड़ी से जुड़े इस मामले में वह तीसरे आरोपित हैं और अब तक जमानत पाने वाले पांचवें आरोपित बन गए हैं। इससे पहले मुख्य आरोपित उन्नीकृष्णन पोट्टी और मुरारी बाबू को भी अदालत से राहत मिल चुकी है।

## एनएचएम में रिक्तपदों पर काम करने के लिए 27 तक आवेदन

**कोरबा** । कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,जिला कोरबा द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यर्थियों से 27 फरवरी शाम 5.30 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर देखा जा सकता है एवं जिला कोरबा के बेबसाईट www.korba.gov. in में उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

## आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन कल

**कोरबा** । आरजीआई पोर्टल से आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु 13 फरवरी को जनपद पंचायत पोंड़ी उपरोड़ा के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरांह 01 बजे तक तथा दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि प्रातः 11 बजे से अपरांह 01 बजे तक आयोजित प्रशिक्षण में जनपद पंचायत पोंड़ीउपरोड़ा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ीउपरोड़ा, समस्त प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल रहेंगे और दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक आयोजित प्रशिक्षण में जनपद पंचायत पोंड़ीउपरोड़ा अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## बसाहट में सर्वसुविधायुक्त आदर्श कॉलोनी विकसित करें: कलेक्टर

**कोरबा।** लेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज दीपका कोयला खदान विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण से प्रभावित हरदीबाजार क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए प्रस्तावित बसाहट स्थल ग्राम उतरदा का एसईसीएल अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने एसईसीएल अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हांकित भूमि में अलग-अलग सेक्टरों में सुव्यवस्थित कॉलोनी विकसित की जाए। इसके लिए चौड़ी सड़कें, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, स्ट्रीट लाइट सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएँ।

कलेक्टर ने कॉलोनी तक पहुंच मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगाने तथा चौड़ी सड़क निर्माण करने के निर्देश देते हुए इस क्षेत्र को आदर्श कॉलोनी के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने ग्राम उतरदा की सभी सड़कों का सर्वे कर मरम्मत एवं सुधार कार्य कराने तथा मार्ग में स्ट्रीट लाइट स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने जनप्रतिनिधियों से भी बसाहट व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। निरीक्षण के समय एसईसीएल दीपका के महाप्रबंधक श्री संजय मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, एसडीएम श्री रोहित सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम मुरली में प्रशासन ने लगाई कृषि चौपाल,योजनाओं की दी जानकारी

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज विकासखंड पाली के ग्राम मुरली में आयोजित कृषि चौपाल का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर रजिस्ट्री, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एफपीओ के अंतर्गत नए किसानों को जोड़ने, ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं मक्का फसलों को प्रोत्साहित करने, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर) के विस्तार, किसान समृद्धि योजना अंतर्गत नलकूप स्थापना, शाकम्भरी योजना के तहत पंप वितरण, कृषि यांत्रिकीकरण योजना, आगामी खरीफ मौसम हेतु दलहन, तिलहन एवं लघुधान्य फसलों के लिए क्लस्टर ग्राम चयन तथा अग्रिम खाद उठाव सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने की अपील की।

चौपाल के दौरान ग्राम सरपंच द्वारा कलेक्टर श्री दुदावत का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने उपस्थित किसानों एवं महिलाओं से संवाद कर उनका हालचाल जाना तथा फसल उत्पादन, सिंचाई, समर्थन मूल्य, ग्राम पंचायत की आवश्यकताओं एवं अन्य स्थानीय मुद्दों पर सुझाव आमंत्रित किए। प्राप्त सुझावों पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।महिलाओं से विशेष चर्चा करते हुए कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ के संबंध में जानकारी ली तथा योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिकता है।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में किसान एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सरकारी डॉक्टर मुख्यालय में रहें इसलिए चैतमा में बन रहा आवास

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम चैतमा स्थित निर्माणाधीन चिकित्सक आवास का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार से निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए ईंटों की जोड़ाई, आंतरिक निर्माण और अन्य तकनीकी कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य में त्रुटियाँ पाए जाने पर उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के इंजीनियर एवं संबंधित ठेकेदार पर नाराज़गी व्यक्त की तथा कार्यों को सुव्यवस्थित और सुनियोजित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा दीवारों में पाई गई त्रुटियों को तत्काल सुधारते हुए आवश्यक ग्राउटिंग कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अन्य कमियों का पुनः परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण सुधार करने के निर्देश भी प्रदान किए।निर्माण कार्य में पाई गई गुणवत्ता संबंधी लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने ठेकेदार श्री राहुल शर्मा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कटघोरा स्थित शासकीय पीजी कॉलेज में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा इसे गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए।कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने ग्राम उतरदा में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित किए जा रहे ग्राम्य भारती हरदीबाजार कॉलेज भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कॉलेज भवन हेतु बाउंड्रीवाल और छात्रावास की मांग रखे जाने पर उन्होंने संबंधित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे 8 किमी लंबी उत्तरदा-रेकी सड़क का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### अडानी पावर क विस्तार से पहले पिछले वायदों को पूरा करने हस्तक्षेप की मांग

# अडानी पावर के प्रभावितों ने जताया पूर्व मंत्री जयसिंह पर भरोसा



**कोरबा** । 800 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाले अदानी पावर के कोरबा पावर प्लांट के विस्तार से ठीक पहले परियोजना के प्रभावितों दे रोजगार और पुनर्वास से संबंधित वादों की पूर्ति के लिए दबाव बनाया है। उन्होंने प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल से इस बारे में हस्तक्षेप करने की मांग की।

हजारों करोड़ के निवेश के साथ पिछले वर्षों में लैंको अमरकंटक पावर प्रोजेक्ट ने काम किया। वर्ष 2012-13 में तीसरी और चौथी इकाई के विस्तार के समय आश्वासन दिया गया कि प्रभावितों को रोजगार और चिकित्सा शिक्षा जैसी सुविधा दी जाएगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ समय के बाद या प्लांट बंद हो गया और अब इसे अदानी पावर ने अपने स्वामित्व में लिया है। प्रभावितों की चिंता इस बात को लेकर है कि पुराने वायदा का क्या होगा। उन्होंने पूर्व मंत्री अग्रवाल को पत्र

लिखकर कहा है कि पिछले वादों के पूरा न होने से लोग चिंतित हैं। वे चाहते हैं कि मौजूदा कंपनी प्रबंधन और जिला प्रशासन से इस बारे में चर्चा कर स्थिति स्पष्ट कराई जाए। परियोजना के अंतर्गत आने वाले सरगबुदिया अमलीभाटा, सन्देल, खोड्डुल, पहंदा और बरीडीह के प्रत्येक प्रभावित परिवार को रोजगार सुनिश्चित करने के लिए ठोस और लिखित कार्य योजना तैयार की जाए। पुनर्वास और पुनर्स्थापना नीति को पारदर्शी तरीके से लागू करने के साथ उसे समय तक विस्तार प्रोसीडिंग्स पर रोक लगाई जाए, जब तक कि पिछले दायित्व का पालन नहीं होता।

पिछली सरकार में सुलझाया अनेक मामलों को कांग्रेस सरकार के दौरान राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री रहते हुए जय सिंह अग्रवाल ने केवल अपने विभाग बल्कि अनेक संबंधित विभागों से संबंधित समस्याओं को निराकृत कराया और लोगों को राहत दी। उन्होंने अपने कार्यों से लोगों के पीछे खास जगह बनाई और यही एक कारण है कि अभी भी जय सिंह अग्रवाल के नाम से लोगों के काम बड़ी आसानी से हो जाते हैं। पिछले दिनों कोरबा वेस्ट बिजली परियोजना प्रबंधन के द्वारा रामनगर स्याहीमुड़ी का रास्ता बंद करने को लेकर लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई। बाद में जय सिंह अग्रवाल ने प्रबंधन पर दबाव बनाया और बीच का रास्ता निकाला। लोगों का कहना है कि जन प्रतिनिधियों की इच्छा शक्ति और साहस के कारण बड़ी-बड़ी समस्याएं बहुत आसानी से निपट जाती हैं। जबकि कुछ मामलों में बहुत सारे नेताओं के पत्र सरकारी दफ्तरों के साथ-साथ कॉरपोरेट कंपनियों में धरे के धरे रह जाते हैं और होता कुछ नहीं।

## निर्माणाधीन पीएम आवास कॉलोनी का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज कोरबा स्थित दादरखुर्द क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों से आवास निर्माण की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं शेष कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जाएं। उन्होंने पेंटिंग, इंटीरियर एवं अन्य लंबित कार्यों को समय-सीमा के भीतर सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हितग्राहियों को आवास हस्तांतरण से पूर्व सभी आवश्यक कार्य पूर्ण होना अनिवार्य है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कॉलोनी के पार्ट-वन एवं पार्ट-टू के कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्यों में तेजी लाई जाए तथा संपूर्ण निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने श्रमिकों (लेबर) की संख्या बढ़ाकर कार्य को गति देने और प्रतिदिन प्रगति की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कॉलोनी में समुचित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में निवासियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने ठेकेदार एवं विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि मार्च माह तक आवास निर्माण के साथ विद्युत सहित सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवास उपलब्ध कराना है।

## कलेक्टर ने बरबसपुर डंप यार्ड का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज बरबसपुर स्थित नगर पालिक निगम कोरबा के डंप यार्ड (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र) का निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ संग्रहित कचरे की प्रोसेसिंग, कंपोस्ट निर्माण तथा अनुपयोगी सामग्री के पृथक्करण हेतु स्थापित यूनिटों का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मशीन तक कचरा लाने के लिए चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाए तथा मशीनों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के समय कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसके लिए पूर्व तैयारी की जाए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने डंप यार्ड परिसर के आसपास पौधरोपण कर हराभरा वातावरण विकसित करने, बाउंड्रीवाल

# क्या हैं उपभोक्ताओं के अधिकार, सलोरा में आयोग ने किया संवाद

### लोगों को बताया-सेवा में कमी होने पर हमसें करें संपर्क

**कटघोरा।** ग्राम पंचायत सलोरा ' क 'में 7 फरवरी दिन रविवार को जिला उपभोक्ता विवाद निवारण विधिक शिविर कार्यक्रम में संपन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष श्रीमती रंजना दत्ता मैडम, जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य सुश्री ममता दास ,पंकज देवड़ा एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

मंच पर उपस्थित अभ्यागतो का स्वागत संतोषी निषाद द्वारा की गई। अध्यक्ष रंजना दत्ता ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि उपभोक्ता संरचना कानून ऐसा कानून है जो उपभोक्ताओ के अधिकारों की रच्छा करता है और उपभोक्ताओं को हुये नुकसान के लिए और सेवा में कमी के लिए उन्हें आयोग मुआवजा भी दिलाता है ।

जागो ग्राहक जागो , अब भी समय की जागरूक हो ।जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य सुश्री ममता दास ने बताया



किअगर हमारे साथ धोखाधड़ी होता है तो हम तुरंत पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराए और अगर कोई दुकानदार गलत समान बेचता है तो उसकी शिकायत आप उपभोक्ता फोरम में कर सकते है ।और पंकज देवड़ा ने बताया की जिला उपभोक्ता फोरम में जल्दी ही मामले का निराकरण होता है ।इसलिए आप लोगो के लिए यह कानून बनाया गया जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाए इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच - उमेश सिंह तंवर, उपसरपंच -धीरज निषाद् , पंच बालकृष्ण निषाद ,परदीप दिवाकर, पंच महिला समिति अध्यक्ष राजमत बाई बिहान योजना की शकुंतला केवर्त शिवकुमारी कंवर, गिरजा कंवर, सुनीता कंवर ,लता कंवर, देहुती शांति बाई ,बचान बाई , सरस्वती कंवर, दर्रा भाटा के सरपंच - प्रमिला कंवर, शिशु मंदिर शिक्षिका राधिका, हाईस्कूल शिक्षिका माया चत्रिय और अधिवक्ता संघ के भूतपूर्व अध्यक्ष सुनील वर्मा ,पवन नेटी विभास गोस्वामी, हेमचंद्र रातें, छत राम निषाद, ऋषभ महंत उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन सुश्री संतोषी निषाद ने की।

# लाइवलीहुड कॉलेज कोरबा में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा आज लाइवलीहुड कॉलेज कोरबा में विभिन्न योजनाओं के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रगति तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर ने पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत टेलर (दर्जी) एडवांस्ड कोर्स के हितग्राहियों से चर्चा कर प्रशिक्षण एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। हितग्राहियों ने बताया कि बुनियादी कौशल प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत एक लाख रुपये का लोन प्राप्त कर उसका उपयोग टेलरिंग व्यवसाय में किया गया है। सभी हितग्राहियों का उद्यम पंजीयन पूर्ण हो चुका है तथा वे वर्तमान में एडवांस्ड कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण अवधि में हितग्राहियों को पांच सौ रुपये प्रतिदिन की दर से कुल 07 हजार 500 रुपये की प्रशिक्षण प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर श्री दुदावत ने बालको द्वारा संचालित सीजीपीएससी एवं सीजी व्यापमं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रहे हितग्राहियों से भी संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपलब्धता, अध्ययन सामग्री तथा छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन किया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'आपके जीवन का यह अत्यंत कीमती समय है, इसे व्यर्थ न गंवाएँ। नियमित अभ्यास, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ तैयारी ही सफलता का मार्ग है। उन्होंने युवाओं को कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि शासन-प्रशासन संसाधन उपलब्ध करा सकता है, परंतु सफलता आपकी मेहनत पर निर्भर करती है। उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव न लेने की सलाह भी दी।लाइवलीहुड कॉलेज में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वर्तमान में एक भी प्रशिक्षण बैच संचालित न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 10 दिनों के भीतर न्यूनतम तीन नए प्रशिक्षण बैच अनिवार्य रूप से प्रारंभ किए जाएँ।कलेक्टर ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के तहत लाइवलीहुड कॉलेज में एनएसक्यूएफ मानकों के अनुरूप आवश्यक प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने जॉब-ओरिएंटेड प्रशिक्षण प्रारंभ करने के लिए डीज़ल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, ड्राइवर, फिटर, वेल्डर आदि ट्रेड को शामिल करने के निर्देश भी प्रदान किए। कलेक्टर ने कॉलेज परिसर को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने, अनुपयोगी सामग्रियों का नीलामीकरण करने तथा सभी कक्षाओं में नामपट्ट (नेमप्लेट) लगाने के निर्देश भी दिए।

## खरीफ 2026-27 के लिए अग्रिम खाद उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ - किसानों के लिए बड़ी राहत

**कोरबा** । जिले में किसानों को आगामी खरीफ 2026-27 सीजन में समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा इस वर्ष अग्रिम खाद उठाव की प्रक्रिया पूर्व वर्ष की तुलना में काफी पहले प्रारंभ कर दी गई है। जहां पूर्व में खाद का भंडारण मार्च माह से प्रारंभ होता था, वहीं इस वर्ष 1 फरवरी 2026 से ही उर्वरकों का उठाव शुरू कर दिया गया है। यह प्रक्रिया 31 मई 2026 तक जारी रहेगी, जिससे खरीफ सीजन में उर्वरक की कमी न हो और कृषकों को समय पर खाद उपलब्ध कराया जा सके।जिले को इस वर्ष अग्रिम उठाव के लिए कुल 7400 मैट्रिक टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान तक सहकारी समितियों एवं डबल लॉक गोदामों में यूरिया 806 मैट्रिक टन, डीएपी 664 मैट्रिक टन, एमओपी 200 मैट्रिक टन, एसएसपी 132 मैट्रिक टन, कुल मिलाकर 1802 मैट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है। साथ ही, 1 फरवरी 2026 से किसानों द्वारा समितियों के माध्यम से अग्रिम उठाव भी प्रारंभ कर दिया गया है।

## शासकीय महाविद्यालय पाली में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का हुआ गठन

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों, सभी हायर सेकेण्डरी स्कूलों, कॉलेजों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब गठित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज 11 फरवरी को शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ई.एल.सी) का गठन किया गया।इस अवसर पर मतदाता साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) के महत्व पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित ई.एल.सी. क्लब के मेंबर्स, युवा छात्र -छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने मतदाता साक्षरता क्लब के गठन के उद्देश्यों के बारें में बताया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के महत्व के बारें में जानकारी देते हुए मज़बूत लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं को एक मतदाता के रूप में पंजीकृत होकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के लिए प्रेरित किये। सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने नवीन मतदाता के रूप में पहली बार मतदाता बनने जा रहें सभी युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्य को निभाने के लिए एक मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपना नाम पंजीकृत करवाने के लिए अपील की।इस अवसर पर डॉ. हर्ष पांडेय प्राध्यापक समाजशास्त्र एवं मतदाता साक्षरता क्लब के मेम्बर्स छात्र -छात्राओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई एवं हाथों में मेंहदी सजाकर मतदाता साक्षरता क्लब एवं एस.आई.आर.के महत्व को प्रदर्शित किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीता पटेल महाविद्यालयीन स्वीप नोडल अधिकारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण - टी.आर. कश्यप, डॉ.शेख तस्लीम अहमद, डॉ. कविता ठक्कर, संत राम खांडेकर, वर्षा लकड़ा सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया पुण्यतिथि पर

**कोरबा।** 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि प्रत्येक वर्ष समर्पण दिवस के रूप में मनाई जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 11 फरवरी को जिला भाजपा कार्यालय, कोरबा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को पूर्णतः सादगी एवं श्रद्धा के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात घंटाघर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। लोकप्रिय व ऊर्जावान जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ. राजीव सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विपणन एवं विकास संघ श्री भोजराम देवांगन के गरिमामय उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक महान चिंतक, दूरदर्शी संगठनकर्ता और राष्ट्रवादी विचारधारा के सशक्त प्रवक्ता थे। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, संगठन निर्माण तथा समाज के गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए पूर्णतः समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि पंडित जी का 'एकात्म मानववाद' का दर्शन आज भी भारत के विकास का मार्गदर्शक सिद्धांत है। यह दर्शन हमें बताता है कि विकास केवल आर्थिक वृद्धि तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के हर वर्ग का संतुलित और समग्र विकास ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र को मजबूत बनाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन बिना किसी स्वार्थ के समाज और संगठन को समर्पित कर दिया, जो हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत है।



जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी जी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ नहीं पहुंचेगा, तब तक राष्ट्र का विकास अधूरा रहेगा। गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में हो रहे प्रयास उनके विचारों की ही परिणति हैं।

सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ. राजीव सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की एक सोच थी कि जो समाज है, जो जाति है, वो हमेशा एकजुट रहे। और यही सोचते हुए उन्होंने कहा भी था कि 'जाति-पाती पूछे नहीं कोई। और हरि को भजे सो हरि के होइ।' जात-पात कोई नहीं पूछता है, जो भगवान का नाम लेता है, भगवान उसी का ही हो जाते है। ऐसी बात कह-कह के उन्होंने समाज को एकजुट करने का जो एक निर्णय लिया था। और हम जानते हैं कि हमारे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी जो थे, वह त्याग, सादगी, राष्ट्रनिष्ठा, इन सब के प्रतीक थे और उन्होंने यह कहा कि यह शरीर जो होता है, यह शरीर सिर्फ शरीर नहीं रहता है। शरीर में शरीर है, मन है, बुद्धि है, आत्मा है। और जब तक शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा चारों का तालमेल नहीं रहेगा तब तक ये शरीर स्वस्थ नहीं रह सकता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व महापौर जोगेश लांबा, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, रेणुका राठिया, लक्की नंदा, जिला मंत्री अजय कंवर, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति स्वर्णकार, जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा डॉ. विजय राठौर, राजेश लहरे, योगेश मिश्रा, प्रकाश अग्रवाल, नीरज ठाकुर, अजय चंद्रा, राकेश तलवार, लक्ष्मण श्रीवास सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन......

**किसी भी जीवन में आपका एकमात्र दायित्व स्वयं के प्रति सच्चा होना है।**

## पीयूष गोयल की टिप्पणी

यह कहना काफी नहीं है कि व्यापार समझौते पर बातचीत अभी चल रही है और उसे लिखा नहीं गया है। जब ऐसा होगा, तब पूरी जानकारी दी जाएगी। दरअसल, पीयूष गोयल की इस टिप्पणी ने अनिश्चय और बढ़ा दिया है। भारत- अमेरिका ट्रेड डील के बारे में डॉनल्ड ट्रंप की घोषणा से बने अनिश्चय के बीच वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आनन-फानन में प्रेस कांफ्रेंस कर किसान एवं अन्य समूहों को आश्वस्त करने की कोशिश की। कहा कि कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को सुरक्षित रखा जाएगा। मगर इससे आशंकाएं दूर नहीं हुईं, तो उसकी वजह वॉशिंगटन से आ रहे बयान हैं। अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंग्स और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर ने बेलाग कहा है कि ट्रेड डील में कृषि शामिल है। यह भी कहा है कि अमेरिका के कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों पर भारत शून्य आयात शुल्क लगाएगा।

उधर ह्वाइट हाउस की प्रवक्ता केरोलीन लेविट कहा है कि भारत ना सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करेगा, बल्कि अमेरिका और संभवतः वेनेजुएला से भी अधिक मात्रा में तेल खरीदेगा। ये वही बातें हैं, जिनका उल्लेख राष्ट्रपति ट्रंप ने किया था। इसलिए इन मुद्दों पर दो-टूक बयान की जरूरत है। यह कहना पर्याप्त नहीं है कि व्यापार समझौते के कई पहलुओं पर बातचीत चल रही है और उसे अभी लिखा नहीं गया है। जब ऐसा होगा, तब पूरी जानकारी दी जाएगी। दरअसल, गोयल की इस टिप्पणी ने प्रकरण पर और भी धुंध डाल दी है। क्या बिना डील संपन्न हुए ट्रंप ने एलान कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसके लिए उन्हें धन्यवाद दे दिया।

ऐसा हुआ, तो उससे दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व की छवि और भी खराब होगी। फिर क्या भारत ऐसा आश्वासन लेने में सफल रहा है कि ट्रंप आगे चल कर ब्रिक्स+ की भारत की सदस्यता और ईरान जैसे देशों से व्यापारिक संबंध रखने को मुद्दा नहीं बनाएंगे। हाल में दक्षिण कोरिया से डील होने के बावजूद ट्रंप ने यह कर उस पर 25 फीसदी नया टैरिफ लगा दिया कि वह समझौते पर ठीक से अमल नहीं कर रहा है। ट्रंप के व्यवहार में ऐसी अस्थिरताएं भरी-पड़ी हैं। भारत सरकार का कर्त्तव्य इन तमाम पहलुओं का आकलन करते हुए आगे बढ़ना और देशवासियों को इस संबंध में अवगत रखना होना चाहिए। मगर फिलहाल आधी-अधूरी जानकारियों के आधार पर जश्न का माहौल बनाने की कोशिश होती हम देख रहे हैं।

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा।

वृष राशि-आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज धैर्य और विनम्रता रखने से लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी भी कार्य में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। अपने जरूरी कामों की सूची बनाएंगे, जिससे काफी हद तक पूरा करने में सफल रहेंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है, धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

सिंह राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कागज पूरे न होने से कुछ देर के लिए रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगे, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले उसके बारे में पूरी जानकारी जरुर कर लें। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी परेशानी खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

धनु राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आपके भविष्य में बेहद काम आएंगी।

मकर राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनाएंगे।

कुंभ राशि-आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर व्यक्ति आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। आज आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

मीन राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।

# पैन इंडिया हिंदुत्व की राजनीति

//अजीत द्विवेदी//

**राजनीतिक और सामाजिक बदलाव के लिहाज से यह बहुत दिलचस्प समय दिख रहा है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी पैन इंडिया हिंदुत्व की राजनीति को स्थापित करने की बेहद आक्रामक राजनीति कर रही है। उसने 80 और 20 वाली राजनीति को उत्तर प्रदेश की सीमा से निकाल कर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पूरे देश में आजमाने की राजनीति शुरू की है तो दूसरी ओर प्रादेशिक पार्टियों के पास इसकी काट के लिए सिर्फ भाषायी और क्षेत्रीय पहचान का मुद्दा दिख रहा है। कांग्रेस इस पूरे विमर्श से बाहर हो गई दिखती है। ऐसा लग रहा है कि उसको कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि किस वैचारिक धरातल पर अपनी राजनीतिक रणनीति बनाए।**

तभी देश का राजनीतिक मुकाबला भाजपा बनाम प्रादेशिक पार्टियों का बनता जा रहा है। महाराष्ट्र में इसकी एक परीक्षा हुई है और भाजपा ने मराठी मानुष की पहचान की उद्धव और राज ठाकरे की राजनीति को बुरी तरह से परास्त किया। ध्यान रहे भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति के प्रत्युत्तर के तौर पर ही उद्धव ठाकरे ने मुंबई में कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी का साथ छोड़ा और राज ठाकरे से हाथ मिलाया। उद्धव नरम तो राज ठाकरे गरम राजनीति कर रहे थे। राज ठाकरे ने उत्तर और दक्षिण भारतीयों के खिलाफ जहर उगला तो गुजरातियों के खिलाफ भी जबरदस्त आक्रामकता दिखलाई। लेकिन चुनाव जीतने के लिहाज से यह राजनीति कम पड़ गई। मुंबई में तो फिर भी उद्धव ठाकरे की जमीन कुछ बची लेकिन वहां से बाहर उनकी पार्टी पूरी तरह से साफ हो गई।

बृहन्नमुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी के चुनाव से भाषायी और क्षेत्रीय पहचान की राजनीति की सीमाएं उजागर हुई हैं। हालांकि मुंबई या किसी अन्य महानगर में पहचान की राजनीति की विफलता के आधार पर यह नहीं माना जा सकता है कि पूरे प्रदेश में यह राजनीति विफल हो जाएगी। इसका कारण यह है कि महानगरों की जनसंख्या संरचना काफी बदल गई है। मुंबई जैसे महानगर में 25 फीसदी के करीब आबादी उत्तर भारतीयों की है। लेकिन अगर पूरे महाराष्ट्र में मराठी अस्मिता के आधार पर चुनाव हो तो नतीजे अलग हो सकते हैं। तभी भाजपा भी मराठी और हिंदुत्व दोनों अस्मिताओं को एक साथ लेकर चलती है।

बहरहाल, इस राजनीति की पड़ताल अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में होने वाली है। ये पांचों राज्य भाषायी और क्षेत्रीय पहचान की राजनीति वाले राज्य हैं। पश्चिम बंगाल में बांग्ला अस्मिता का मुद्दा है तो असम में भाषा और संस्कृति दोनों राजनीतिक संघर्ष का विषय बने हैं। उधर तमिलनाडु में भाषायी और क्षेत्रीय दोनों अस्मिता का मुद्दा है तो केरल में अब जाकर सत्तारूढ़ लेफ्ट पार्टी ने मलयालम भाषा की अस्मिता को राजनीति में आजमाने का फैसला किया है। राज्य की लेफ्ट मोर्चा की सरकार ने केंद्र सरकार की ओर से हिंदी थोपे जाने का मुद्दा उठाया है और मलयालम भाषा बिल पेश किया है, जिसका मकसद मलयालम को नंबर एक और पहली भाषा बनाना है।

हालांकि इसे लेकर हिंदी की बजाय कन्नड़ से उसका टकराव शुरू हो गया है। कर्नाटक से लगती सीमा के पास बड़ा इलाका ऐसा है, जहां केरल के लोग कन्नड़ बोलते हैं। खैर यह स्थानीय मामला है, जिसे वही के स्तर पर सुलझाया जाएगा। लेकिन केरल में मलयालम भाषा का मुद्दा बनना यह दिखाता है कि पहचान की राजनीति किस दौर में पहुंच गई है और भाजपा के हिंदुत्व व विकास के नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए पार्टियां किस हद तक इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भाजपा की बढ़ती ताकत से आशंकित हैं। इसलिए वे भाजपा के हिंदुत्व और विकास के नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए इस बार सिर्फ बांग्ला भाषा, अस्मिता व संस्कृति के नैरेटिव पर भरोसा नहीं कर रही हैं, बल्कि उसमें हिंदुत्व का तड़का भी लगा रही हैं। उन्होंने बुनियादी रूप से बांग्ला अस्मिता का मुद्दा बनाया है और बांग्ला भाषियों पर दूसरे राज्यों में हो रहे कथित उत्पीड़न को बार बार उठा रही हैं। लेकिन उनको इसकी सीमा का पता है क्योंकि यह मुद्दा उठाने के बावजूद पिछले सात-आठ साल में भाजपा 40 फीसदी वोट तक पहुंच गई है और यह बात ममता बनर्जी को चिंता में डाले हुए है। इसलिए उन्होंने इस बार हिंदुत्व का मुद्दा उसमें जोड़ दिया है।

उन्होंने न्यू कोलकाता टाउन में दुर्गा आंगन की नींव रखी है, जहां सरकार 332 करोड़ रुपए में सबसे बड़ा दुर्गा मंदिर बनवाएगी। इसी तरह सिलिगुड़ी में सबसे बड़े महाकाल मंदिर की नींव उन्होंने रखी। इस मंदिर पर करीब चार सौ करोड़ रुपए सरकार खर्च करेगी। इसकी नींव रखते हुए ममता ने जितनी बार 'हर हर महादेव' और 'रक्षा करो महादेव' के नारे लगाए उससे नरेंद्र मोदी के काशी में दिए जाने वाले भाषण याद आ गए। इससे पहले ममता दीघा में जगन्नाथ धाम बनवा चुकी हैं। उन्होंने दुर्गापूजा में पंडालों को पहले से ज्यादा पैसे बांटे हैं। सो, वे भाषायी और सांस्कृतिक अस्मिता के साथ हिंदुत्व का मुद्दा जोड़ रही हैं ताकि भाजपा का मुकाबला कर सकें। भाजपा महाराष्ट्र और गुजरात में ऐसे चुनाव लड़ती है।

उधर एमके स्टालिन पूरी तरह से भाषायी और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर भाजपा से टक्कर लेते दिख रहे हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उनके प्रदेश की भौगोलिक स्थिति पश्चिम बंगाल से भिन्न है और जनसंख्या संरचना भी उससे अलग है। बंगाल से शेष भारत की भौगोलिक दूरी कभी भी वैसी नहीं रही है, जैसे विंध्य पार के राज्यों की है और ऊपर से बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी होने की वजह से ममता की मुश्किलें स्टालिन के मुकाबले ज्यादा हैं। बहरहाल, स्टालिन पूरी तरह से तमिल अस्मिता और भौगोलिक विभाजन पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका जवाब देने के लिए भाजपा के पास सीधे कोई मुद्दा नहीं है और इसलिए उसने अन्ना डीएमके से तालमेल करके उसको आगे किया। भाजपा का कुछ काम नई बनी पार्टी के नेता विजय भी कर सकते हैं। फिर भी बाकी राज्यों के मुकाबले तमिलनाडु का मामला अलग है। वहां भाजपा के पास भाषायी और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे का जवाब नहीं है।

असम की स्थिति तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के बीच वाली है। असमिया भाषा और अहोम संस्कृति का मुद्दा असम में केंद्रीय नहीं है। वहां भाजपा ने बड़ी होशियारी से सांप्रदायिकता के एजेंडे को घुसपैठ से जोड़ दिया है। वह जनसंख्या संरचना बदलने और घुसपैठियों द्वारा भारत की लाखों एकड़ जमीन कब्जा करने का मुद्दा बना कर लड़ रही है। ध्यान रहे असम में भी 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी है। तभी भाजपा घुसपैठ का मुद्दा बना कर 70 फीसदी हिंदुओं में से ज्यादातर का वोट लेने में कामयाब हो जाती है। इस काम में उसे असम गण परिषद और बीपीएफ या यूपीपीएल जैसी क्षेत्रीय पार्टियों का साथ मिल जाता है। इस बार कांग्रेस के गौरव गोगोई ने असम की सांस्कृतिक व जातीय पहचान का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियों से तालमेल किया है। इससे वहां की लड़ाई दिलचस्प हो गई है।

# भारत को अपनी उपलब्धियों को बचाए रखने हेतु एआई के उपयोग की जरूरत

//सुश्री रुबल चिब//

**भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर चल रहा विमर्श अब परिपक्व होता जा रहा है। ध्यान अब अमूर्त क्षमता से हटकर व्यावहारिक प्रभाव पर केन्द्रित होता जा रहा है। चर्चा एआई की सैद्धांतिक क्षमता से हटकर व्यवहार में उसके द्वारा हल की जा सकने वाली समस्याओं पर टिकती जा रही है। खाद्य और कृषि जैसे कुछ ही क्षेत्र इस अंतर को इतनी स्पष्टता से दर्शा पा रहे हैं। ये वो क्षेत्र हैं जहां अक्षमताएं मामूली नहीं बल्कि प्रणालीगत हैं और प्रौद्योगिकी को जहां जलवायु, लॉजिस्टिक्स एवं बाजार से जुड़ी गहरी स्थानीय वास्तविकताओं के दायरे में काम करना चाहिए।**

खाद्य प्रणालियां इस समस्या को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं। भारत अपनी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त से अधिक उत्पादन करता है, फिर भी अनुमानित 68 मिलियन टन भोजन हर साल बर्बाद हो जाता है। इसमें अनियमित आपूर्ति, खराब गुणवत्ता मूल्यांकन और खंडित आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण कटाई के बाद 35-40 प्रतिशत फल एवं सब्जियां नष्ट हो जाती हैं। संकट उत्पादन का नहीं, बल्कि रोके जा सकने वाले नुकसान का है। यह नुकसान किल्लत का नहीं, बल्कि पैदावार एवं उपभोग और आंकड़ों एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच के असंतुलन का नतीजा है। सालों से, गुणवत्ता और समय से जुड़ी विश्वसनीय एवं वास्तविक जानकारियों का अभाव भारतीय किसानों तथा नियामकों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन किया जाता है, तो यह इस खाई को पाटने का एक रास्ता खोलती है। जैविक वास्तविकता और आर्थिक निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच की यह खाई ही वह क्षेत्र है जहां व्यावहारिक एआई का खासा कारगर हो सकता है। क्यूजेंस लैब्स में, हमारा काम एक साधारण अवलोकन से शुरू हुआ: अब जबकि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे ने भुगतान, पहचान और सेवाओं की आपूर्ति को पूरी तरह बदल दिया है, गुणवत्ता का आकलन करने के तरीके के मामले में खाद्य अर्थव्यवस्था काफी हद तक एनालॉग ही बनी हुई है। 'क्यूस्कैन' नाम की जो एआई-संचालित संवेदन प्रणाली हमने विकसित की है, वह फलों और सब्जियों में आंतरिक गुणवत्ता संबंधी संकेतों को पकड़ने हेतु अवरक्त (इंफ्रारेड) स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा कृत्रिम सूंघने की क्षमता (आर्टिफीशियल ओल्फैक्शन) का उपयोग करती है और उन्हें निर्णय लेने के समय उपयोगी जानकारियों में परिवर्तित करती है। इरादा स्वचालन को सिर्फ दिखावे की मंशा से लागू करना भर नहीं, बल्कि कम लाभ पर काम करने वाले उपभोक्ताओं, किसानों और खुदरा विक्रेताओं के लिए अनिश्चितताओं को कम करना था। इस अनुभव से यह बात स्पष्ट हो गई है कि एआई की प्रभावशीलता मूल रूप से संदर्भ पर निर्भर करती है। विदेशी आंकड़े (डेटासेट) या मानकीकृत आपूर्ति श्रृंखलाओं पर प्रशिक्षित मॉडल भारत की उन विविधता भरी परिस्थितियों में विफल हो जाते हैं, जहां फसलों की किस्में, जलवायु, भंडारण की पद्धतियां और बाजार की संरचनाएं विभिन्न क्षेत्रों में बिल्कुल ही अलग-अलग होती हैं। खासकर खाद्य प्रणालियों में, सटीकता को स्थानीयता से अलग नहीं किया जा सकता। भारतीय उपज, भारतीय लॉजिस्टिक्स और भारतीय व्यवहारिक मानदंडों को न समझने वाली एआई के लिए न्यूनतम रूप से अप्रासंगिक और अधिकतम रूप से भ्रामक होने का जोखिम होता है।इसीलिए संप्रभु एवं घरेलू जड़ों में निहित एआई पर वर्तमान नीतिगत जोर सामयिक और जरूरी, दोनों है। 'इंडियाएआई मिशन' कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति राज्य के दृष्टिकोण में एक स्पष्ट बदलाव का संकेत देता है - इसे रोजमर्रा की वास्तविकताओं से कटे एक अत्याधुनिक तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि विकासात्मक बुनियादी ढांचे के रूप में देखा जा रहा है। स्वदेशी एआई अनुप्रयोगों के लिए लक्षित वित्तपोषण, राष्ट्रीय कंप्यूटिंग क्षमता में निवेश, भारतीय डेटासेट के लिए समर्थन और क्षेत्र-विशिष्ट समाधानों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों के जरिए, यह मिशन सक्रिय रूप से एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है जहां नवाचार स्थानीय जरूरतों पर आधारित है। स्वदेशी मॉडलों, स्टार्टअप और जनहित की परियोजनाओं का समर्थन करके, यह मिशन अन्य भौगोलिक क्षेत्रों से लिए गए एआई प्रणालियों के बजाय भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन की गई एआई प्रणालियों के लिए जगह बना रहा है।खाद्य और कृषि के उदाहरणों से साफ होता है कि यह क्यों महत्वपूर्ण है। फसल की कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने से किसानों की आय, खाद्य पदार्थों की कीमतों और पर्यावरण से जुड़े नतीजों पर सीधा असर पड़ता है। बचाई गई उपज की प्रत्येक इकाई भूमि, जल और ऊर्जा संसाधनों पर दबाव को कम करती है, जोकि जलवायु परिवर्तन और जिम्मेदार उपभोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है। अक्सर व्यवहार में बदलाव या नए इनपुट की जरूरत वाले उपज बढ़ाने के उपायों के उलट, बेहतर गुणवत्ता मूल्यांकन समन्वय में सुधार करके बेहतर नतीजों को संभव बनाता है - जिससे प्रणाली सही समय पर कार्य करने में सक्षम होती है।समावेशन का प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक हित में एआई का सदुपयोग तभी संभव है जब यह सिर्फ बड़े उद्यमों के बजाय छोटे व्यवसायों के लिए भी सुलभ हो। भारत की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था में इसका आशय ऐसे उपकरणों से है जो अनौपचारिक बाजारों में काम करें, स्थानीय भाषाओं का समर्थन करें और मानवीय निर्णय को दरकिनार करने के बजाय उसका पूरक बनें। अस्पष्ट सुझाव थोपने वाली प्रौद्योगिकियां विश्वास अर्जित करने के लिए जूझेंगी। अदृश्य जानकारी को दृश्यमान बनाकर निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाने वाली प्रौद्योगिकियों के स्वाभाविक रूप से व्यापक होने की संभावनाएं कहीं अधिक हैं।हमारे देश की राजधानी में 16 से 20 फरवरी 2026 के दौरान आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' ऐसे समय में हो रहा है जब ये अंतर और भी स्पष्ट होते जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर, एआई से जुड़ी चर्चाएं शक्तियों के केन्द्रीकरण, डेटा संबंधी विषमताओं और पर्यावरण से जुड़ी कीमतों जैसे मुद्दों से जूझ रही हैं। भारत के लिए मौका एक अलग राह दिखाने में निहित है, एक एक ऐसी राह जहां बुद्धिमत्ता विकेन्द्रीकृत, संदर्भों के प्रति जागरूक और वास्तविक आर्थिक प्रणालियों में समाहित हो। कृषि, खाद्य संबंधी लॉजिस्टिक्स और जलवायु अनुकूलन एआई से जुड़ी कहानी में हाशिए पर नहीं, बल्कि इसके केन्द्र में हैं।यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने आप ही प्रभाव उत्पन्न नहीं करता। इसके लिए विषय-वस्तु की गहरी समझ, जटिल नीतिगत वास्तविकताओं के प्रति धैर्य और सार्वजनिक संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय की जरूरत होती है। हालांकि, जब ये शर्तें पूरी की जाती हैं, तो एआई उन क्षेत्रों को चुपचाप बदल सकता है जिन्होंने लंबे समय से सुधार का विरोध किया है। यह बदलाव व्यवधान के जरिए नहीं, बल्कि पूर्व में लिए गए बेहतर निर्णयों के जरिए होता है।

## औशंकराचार्य वाला विवाद खड़ा

सोशल मीडिया में कहा जा रहा है कि साजिश के तहत यूजीसी के नियम जारी किए गए। औशंकराचार्य वाला विवाद खड़ा किया गया। कई लोगों ने कहा कि नरेंद्र मोदी को कमजोर करने और उनके सबसे निष्ठावान वोट को उनसे अलग करने के लिए किसी ने अंदर से साजिश की और यूजीसी का नियम जारी हुआ। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री को इसका अंदाजा हो गया इसलिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इस पर रोक लगाने का विरोध नहीं किया। सवाल है कि जिस पार्टी में नेता, मंत्री, अधिकारी सब ऊपर के आदेश से ही सांस लेते हैं वहां किसने ऐसा करने की साजिश की? भाजपा इकोसिस्टम के लोग शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को निशाना बना रहे हैं। वे पिछड़ी जाति से आते हैं और खुल कर पिछड़ा राजनीति करने में यकीन करते हैं। कहा जा रहा है कि ओडिशा का मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के बाद जब भाजपा का अध्यक्ष पद भी हाथ से निकला तो संसदीय समिति की सिफारिशों में अदलाबदली करके प्रधान ने ऐसा नियम जारी करवा दिया, जिससे पार्टी फंसी। शंकराचार्य वाले मामले को दिल्ली बनाम लखनऊ के विवाद और साजिश के तौर पर प्रचारित किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि दिल्ली के इशारे पर सब कुछ हुआ है। यूजीसी नियमों में साजिश का दूसरा पहलू दिल्ली बनाम लखनऊ के विवाद के तौर पर पेश किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि जान बूझकर अगड़ा बनाम पिछड़ा का मुद्दा बनाया गया और अगड़ों के विरोध को खूब फैलाया गया। ध्यान रहे उत्तर प्रदेश में बाकी किसी भी राज्य के मुकाबले अगड़ी जातियां खास कर ब्राह्मण, राजपूत और भूमिहार सबसे ज्यादा हैं। अगर वे भाजपा से नाराज होते हैं तो अगले साल के चुनाव में उसे बड़ा नुकसान हो सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम पर माघ मेला त्योहार के दौरान लोग नाव की सवारी करते हुए ।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्य का बजट पेश करने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।




बाएं से, डॉ. (प्रो.) ए के भल्ला, डॉ. जयश्री सूद, डॉ. अजय स्वरूप, डॉ. अजय शर्मा और डॉ. विपिन त्यागी, नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान।




देहरादून में तिब्बती मार्केट के पास एक आदमी की गोली मारकर हत्या के बाद पुलिस मौके पर जांच कर रही है।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान बोलते हुए।



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।



आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव नई दिल्ली के विज्ञान भवन में औषधीय पौधों पर चिंतन शिविर के उद्घाटन के अवसर पर दीप प्रज्जवलित करते हुए।

# राहुल गांधी के भारत माता को बेचने के आरोप पर निर्मला सीतारमण का जवाब, कांग्रेस को दिलाई शर्म अल शेख की याद

**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर उनके भारत माता को बेचने वाले बयान पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की यूपीए सरकार थी जिसने देश को बेचा और भारत को पाकिस्तान के साथ जोड़ा।**

लोकसभा में केंद्रीय बजट पर बहस का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, यह कांग्रेस है जिसने सरकार, किसानों, गरीबों और देश को बेचा। यह आप ही थे जिन्होंने भारत को पाकिस्तान के साथ जोड़ा...किरेन रिजिजू ने सही कहा- आज तक एक भी व्यक्ति पैदा नहीं हुआ जो भारत को बेच सके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा कभी नहीं करेंगे। शर्म अल-शेख जॉइंट स्टेटमेंट का जिक्र करते हुए, उन्होंने UPA सरकार पर पाकिस्तान के साथ बातचीत में सॉवरेनिटी और सिक्योरिटी पर भारत की स्थिति को कमजोर करने का आरोप लगाया। सीतारमण ने कहा, जो लोग शर्म-अल-शेख में पाकिस्तान के साथ बातचीत करना चाहते हैं, वे अब हमें बातचीत पर सुझाव दे रहे हैं। 2009 का शर्म अल-शेख समझौता उस समय के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पाकिस्तान के उस समय के प्रधानमंत्री सैयद यूसुफ रजा गिलानी के बीच हुआ था। मुंबई में 26/11 हमले के सात महीने बाद हुई मीटिंग में, डॉ. मनमोहन सिंह ने मुंबई हमलों के गुनहगारों को सजा दिलाने की जरूरत दोहराई थी।



फाइनेंस मिनिस्टर ने यह भी आरोप लगाया कि भारत ने इंडोनेशिया के बाली में हुई WTO मीटिंग में शांति क्लॉज से समझौता किया था - जो प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय में ही हुई थी।2013 में साइन हुए इस एग्रीमेंट के दो खास पिलर थे, ट्रेड फैसिलिटेशन एग्रीमेंट, पब्लिक स्टॉकहोल्डिंग (फूड सिक्योरिटी)। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस ही थी जिसने न सिर्फ इस देश के गरीबों और किसानों के फायदे बेचे, बल्कि देश को भी बेचा। इंडिया- US ट्रेड डील का जिक्र करते हुए, राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा, आपने इंडिया को बेच दिया है... इतिहास में पहली बार हमारे किसान तूफान का सामना कर रहे हैं और आपने हमारे गरीब किसानों को कुचलने का रास्ता खोल दिया है। इस डील को बेतुका बताते हुए उन्होंने कहा कि शुरुआत में, एवरेज टैरिफ तीन परसेंट था। अब यह 18 परसेंट हो गया है- 6 गुना बढ़ोतरी। US इंपोर्ट US .46 बिलियन से US .146 बिलियन हो जाएगा, उनका हमसे कोई कमिटमेंट नहीं है, हमारा उनसे कमिटमेंट है। राहुल गांधी ने एक प्रोविजन का जिक्र करते हुए कहा जिसमें कहा गया है कि इंडिया US के एनर्जी और टेक प्रोडक्ट्स में 500 बिलियन खरीदेगा। उन्होंने कहा, हम बेवकूफों की तरह खड़े हैं। हमारा टैरिफ 18 परसेंट हो गया है और उनका 16 परसेंट से घटकर जीरो हो गया है।

# लाडले मशक दरगाह में महाशिवरात्रि पूजा के विरुद्ध याचिका, सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनवाई को तैयार



**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में स्थित लाडले मशक दरगाह परिसर में स्थापित राघव चैतन्य शिवलिंग पर महाशिवरात्रि पूजा पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर जल्द सुनवाई करने पर विचार करेगा। दरगाह प्रबंधन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विभा दत्ता मखीजा ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत से मामले को 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) से पहले सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, गुलबर्ग में एक आलंद दरगाह है। अब वे वहां शिवरात्रि मनाना चाहते हैं। क्या हम 15 फरवरी से पहले इस पर सुनवाई कर सकते हैं। इस उल्लेख के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने इस बात पर चिंता जताई कि पहले अधिकार क्षेत्र वाले हाई कोर्ट से संपर्क किए बिना सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की जा रही हैं। उन्होंने कहा, सब कुछ अनुच्छेद-32 के तहत क्यों आ रहा है। ऐसा लग रहा है कि याचिकाएं इसलिए दायर की जा रही हैं क्योंकि कानून आसान है और यह संदेश जा रहा है कि हाई कोर्ट निष्क्रिय हो गया है। हम जांच करेंगे। देखते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि तत्काल सुनवाई पर विचार किया जाएगा। इस विवाद के केंद्र में जो दरगाह है, वह लाडले मशक के नाम से प्रख्यात 14वीं सदी के सूफी संत हजरत शेख अलाउद्दीन अंसारी और 15वीं सदी के हिंदू संत राघव चैतन्य से जुड़ी है। चैतन्य समर्थ रामदास के गुरु थे। इस जगह पर चैतन्य की समाधि है, जिस पर राघव चैतन्य नामक शिवलिंग है।

# दिल्ली हाई कोर्ट की टिप्पणियों के खिलाफ न्यायिक अधिकारी की अपील, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक न्यायिक अधिकारी द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने का निर्णय लिया, जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा की गई कठोर टिप्पणियों के खिलाफ अपील की गई थी। हाई कोर्ट ने न्यायिक अधिकारी को विवाह कानूनों में रिफ्रेशर-ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने का निर्देश दिया था। पिछले वर्ष नवंबर में हाई कोर्ट ने पारिवारिक न्यायालय के न्यायिक अधिकारी के विवाह संबंधी मामलों के निपटारे के तरीके पर अपनी कड़ी असहमति जताई थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि न्यायिक अधिकारी को दिल्ली न्यायिक अकादमी के अधीन एक उपयुक्त रिफ्रेशर-ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेना चाहिए इससे पहले कि वह आगे कोई विवाह संबंधी मामलों का निपटारा करें। याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष हुई। पीठ ने न्यायिक अधिकारी के वकील से पूछा - उन्होंने ये कठोर टिप्पणियां क्यों कीं। पीठ ने कहा- वह (न्यायिक अधिकारी) जिला न्यायाधीश के रूप में अनुच्छेद 142 के अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं। संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को किसी भी आदेश या निर्णय को पारित करने का अधिकार देता है जो पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक हो।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा था कि ऐसी कठोर टिप्पणियां बिना संबंधित व्यक्ति को सुने नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी किया और इसे चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। जब याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क किया कि हाई कोर्ट का आदेश स्थगित किया जाना चाहिए तो पीठ ने कहा, हम नोटिस जारी कर रहे हैं। आप और क्या चाहते हैं? पीठ ने कहा, यदि हम सहमत होंगे तो हम टिप्पणियां हटाएंगे।

# आईआरसीटीसी घोटाला: लालू, राबड़ी तेजस्वी मुकदमे से बच नहीं सकते : सीबीआई



**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

आईआरसीटीसी घोटाले के मामले में आरोप तय करने के ट्रायल कोर्ट के निर्णय के खिलाफ पूर्व रेल मंत्री नेता लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव की याचिका का बुधवार को सीबीआई ने दिल्ली हाई कोर्ट में विरोध किया। सीबीआई ने तर्क दिया कि लालू समेत अन्य यह तर्क देकर मुकदमे से बच नहीं सकते कि जब ट्रायल कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया था, तब उनके खिलाफ अभियोजन की मंजूरी नहीं थी।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष सीबीआई की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल डीपी सिंह ने कहा कि याचिकाकर्ताओं पर मुकदमा चलाने के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत मंजूरी लेना अनिवार्य नहीं था। उन्होंने अदालत को बताया कि इस संबंध में मार्च 2020 में तत्कालीन अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने भी राय दी थी। डीपी सिंह ने आगे कहा कि चूंकि मामला लंबा खिंच रहा था, इसलिए बाद में कानून के अनुसार मंजूरी ली गई थी। डीपी सिंह ने कहा कि मंजूरी की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन मंजूरी ले ली गई।

# व्यापम व्हिसलब्लोअर मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी, अदालती प्रक्रिया न बने सजा



**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कानून के शासन के प्रति निष्ठा के लिए अदालत को यह याद रखना आवश्यक है कि अगर इस जिम्मेदारी का सही निर्वहन नहीं किया गया तो प्रक्रिया स्वयं सजा बन सकती है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के व्यापम परीक्षा घोटाले में एक व्हिसलब्लोअर के खिलाफ जाति आधारित हिंसा के आरोपों को खारिज करते समय की। आनंद राय ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 2022 में एक रैली के दौरान एक सांसद, विधायक और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कथित हिंसा और दुर्व्यवहार से जुड़े जाति आधारित अत्याचारों के मामले में आरोप को बरकरार रखा गया था। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर की पीठ ने आनंद राय के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम के तहत आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अदालत को सचेत रूप से यह भेद करना चाहिए कि क्या मामला वास्तम में परीक्षण की आवश्यकता रखता है या यह केवल संदेह या अनुमान पर आधारित है। यह फैसला मंगलवार को सुनाया गया, लेकिन बुधवार का अपलोड किया गया।

## महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने दिल्ली में पीएम मोदी और शाह से भेंट की

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने मुंबई स्थित मंत्रालय में अपना पदभार संभालने के एक दिन बाद बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की।31 जनवरी को राज्य की पहली



महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाली सुनेत्रा पवार मोदी से मुलाकात के दौरान अपने बेटों पार्थ और जय, राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और पार्टी के लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे के साथ थीं। वर्तमान में राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार ने संसद का भी दौरा किया, जहां बजट सत्र चल रहा है। सुनेत्रा पवार ने 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना में अपने पति और पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मृत्यु के कुछ दिनों बाद महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में उनका स्थान लिया।

## फेसबुक पोस्ट की भाषा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने महिला वकील को लगाई फटकार



**नई दिल्ली 12 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक महिला वकील को कड़ी फटकार लगाई जिसने केरल में कांग्रेस विधायक राहुल मामकूट्टाथिल पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली दूसरी महिला को निशाना बनाते हुए फेसबुक पर अपमानजनक पोस्ट की थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने दीपा जोसेफ की याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा, एक महिला होने के नाते, आपने दूसरी महिलाओं के बारे में किस तरह की टिप्पणियां की हैं.. अगर यह सब बकवास बातें किसी आदमी ने लिखी होतीं, तो हम उसे यहीं गिरफ्तार करवा देते। जोसेफ को इस इंटरनेट मीडिया पोस्ट के सिलसिले में केरल पुलिस की ओर से गिरफ्तारी की आशंका थी। लेकिन पीठ ने याचिका खारिज कर दी और वकील को राहत के लिए हाई कोर्ट जाने को कहा। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, क्या आपसे इस तरह की भाषा लिखने की उम्मीद की जाती है? आप एक वकील हैं। याचिकाकर्ता वकील ने कहा कि उसने कुछ भी अपमानजनक नहीं लिखा और पीड़िता की पहचान नहीं बताई। पीठ ने कहा, आपने अपने शब्दकोष का एक भी शब्द नहीं छोड़ा है। और फिर भी आपको पछतावा नहीं है! क्या हम सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाएं जो आपने लिखा है।

# असम में संदिग्ध मतदाताओं के लाखों नाम हटाए गए: सीएम हिमंत

**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने दावा किया कि राज्य में चुनावी मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण (एसआर) के दौरान लाखों संदिग्ध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा, यह केवल शुरुआत है। जब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जाएगा, तो और भी लोगों के नाम हटाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सरमा ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इन हटाए गए नामों में से कई भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई शिकायतों के आधार पर थे। यह टिप्पणी उस दिन आई है जब चुनाव आयोग ने असम के लिए अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की, जिसमें 2.43 लाख नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा, जितना संभव हो, हमारे पार्टी के सदस्यों ने शिकायतें दर्ज कीं। इन शिकायतों के आधार पर नाम हटाए गए हैं। सरमा ने दावा किया कि असम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नाम मतदाता सूची से हटाए गए। कुछ लोगों ने हमें धमकाने की कोशिश की। लेकिन हम सफल रहे। हमारे भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर के अधिकारियों को यह समझाने में सफल रहे कि जिनके खिलाफ शिकायतें दर्ज की गई थीं, वे अब निवासी नहीं हैं।



उन्होंने कहा, अवैध बांग्लादेशी मुस्लिमों के खिलाफ युद्ध जारी रहेगा। शिकायतों और आपत्तियों के अंत में अंतिम चुनावी सूची मंगलवार को प्रकाशित की गई, जिसमें कुल 2.49 करोड़ मतदाता हैं, जो ड्राफ्ट सूची से 0.97 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। सीएम ने पहले संकेत दिया था कि केवल मिया (स्थानीय भाषा में अवैध बांग्लादेशी मुसलमान) को एसआर प्रक्रिया के दौरान नोटिस दिए जा रहे थे, ताकि उन्हें दबाव में रखा जा सके और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ पांच लाख से अधिक शिकायतें दर्ज की गई थीं।

# गृह मंत्रालय की रिपोर्ट: 2020-2025 के बीच देश में 39 लाख किलो गांजा जब्त, ओडिशा शीर्ष पर




**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

गृह मंत्रालय ने पिछले सप्ताह लोकसभा में लिखित जवाब में कहा कि 2020 से नवंबर 2025 के बीच 38.89 लाख किलो गांजा जब्त किया गया। इनमें अकेले ओडिशा का हिस्सा कुल बरामदगी का 27 प्रतिशत से अधिक है। सबसे अधिक जब्ती वाले राज्यों की सूची में ओडिशा काफी बड़े अंतर से शीर्ष पर रहा। छह वर्षों की अवधि में कुल बरामदगी 10.65 लाख किलो रही। इस अवधि में, राजस्थान में जब्ती में भारी वृद्धि दर्ज की गई। 2020 में 14,826 किलो से बढ़कर 2025 में 58,146 किलो बरामदगी दर्ज की गई। बंगाल में भी जब्ती में वृद्धि देखी गई, जो 2020 में 25,979 किलो से बढ़कर 2025 में 32,456 किलो हो गई। इसके विपरीत, कुछ पारंपरिक हॉटस्पॉट में जब्ती में गिरावट आई। आंध्र प्रदेश जो छह वर्षों में 5.5 लाख किलो की बरामदगी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। यहां गिरावट देखी गई। 2021 में 2.01 लाख किलो से गिरकर 2025 में 44,182 किलो रह गई। छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में भी इसी तरह की तीव्र गिरावट दर्ज की गई। छत्तीसगढ़ में बरामदगी 2020 में 36,211 किलो से घटकर 2025 में 15,235 किलो रह गई, जो आधे से भी कम है, जबकि कर्नाटक में इसी अवधि में यह 21,657 किलो से घटकर 6,746 किलो हो गई।

आंकड़ों से पूर्वोत्तर में भी महत्वपूर्ण बरामदगी का पता चलता है। त्रिपुरा में छह वर्षों में 2.46 लाख किलो की बरामदगी हुई, जिससे यह राष्ट्रीय स्तर पर चौथे स्थान पर है, जो उत्तर प्रदेश (2.47 लाख किलो) से थोड़ा ही पीछे है। इसी अवधि में असम में लगभग 1.94 लाख किलो जब्ती हुई।

## छत्तीसगढ़ में दसवीं के छात्र को 100 उठक-बैठक कराई, हालत बिगड़ने पर अस्पताल रेफर



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शारीरिक दंड का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है।आरोप है कि पिछले महीने दसवीं कक्षा के एक छात्र को सजा के रूप में 100 बार उठक-बैठक करने के लिए कहा गया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी तबीयत बिगड़ गई। छात्र को चलने-फिरने में कठिनाई हो रही है और वर्तमान में उसकी फिजियोथैरेपी चल रही है। उसे रायपुर के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने शिक्षिकाओं को नोटिस भेजा है, उनके जवाब मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। छात्र के स्वजन ने शिक्षिकाओं पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है और प्रशासन से जांच की मांग की है।

# महाराष्ट्र में पुलिसकर्मी ने पत्नी के प्रेमी को उतारा मौत के घाट, 191 किलो मीटर दूर बॉडी को लगाया ठिकाने

**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक पुलिस कॉन्स्टेबल पर अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या करने और उसे ठिकाने लगाने के लिए बॉडी के साथ 191 द्वद्र गाड़ी चलाने का आरोप है। आरोपी पुलिस वाले को कलंबोली इलाके के एक आदमी पर शक था। कथित तौर पर आदमी की हत्या करने के बाद, उसने बॉडी को अपनी कार की बगल वाली पैसेंजर सीट पर रखा और उसे महाराष्ट्र के सतारा जिले के लोनांद ले गया, जो लगभग 191 किलोमीटर दूर है।



जब वह अपनी जगह पर पहुंचा, तो उसने बॉडी को कुएं में जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश की। पुलिस ने सतारा के एक गांव सुखेड़ के पास एक कुएं से थोड़ी जली हुई बॉडी बरामद की। टेक्निकल जांच और सबूतों के आधार पर, आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अभी हत्या की जांच कर रही है।

# DGCA की जांच के नतीजों के इंतजार करें, अजित पवार प्लेन क्रैश पर बोले सीएम देवेंद्र फडणवीस



**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत वाले प्लेन क्रैश की डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन द्वारा एक जरूरी जांच चल रही है, और आग्रह किया कि जांच खत्म होने के बाद ही नतीजे निकाले जाएं। फडणवीस ने कहा कि एयरक्राफ्ट का ब्लैक बॉक्स पहले ही मिल चुका है और सभी मोर्चों पर जांच शुरू हो गई है। सीएम यहां अजित पवार के भतीजे और रोहित पवार के प्लेन क्रैश के बारे में दावों और चिंताओं के बारे में एक सवाल के जवाब में रिपोर्टरों से बात कर रहे थे। 28 जनवरी को पुणे जिले में बारामती एयरस्ट्रिप के पास लियरजेट एयरक्राफ्ट क्रैश होने पर अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। घटना की DGCA जांच को बहुत जरूरी बताते हुए, फडणवीस ने इसके नतीजों का इंतजार करने की जरूरत पर जोर दिया। रोहित पवार ने मंगलवार को प्लेन क्रैश से पहले हुई घटनाओं के सिलसिले को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दुखद घटना में तोड़फोड़ का शक है, जिसमें उनके चाचा अजित पवार की मौत हो गई, और कई एक्सपर्ट एजेंसियों से पूरी जांच की मांग की। फडणवीस ने कहा, मैंने पर्सनली नहीं देखा कि रोहित पवार ने क्या कहा। मुझे इसकी थोड़ी जानकारी है। मेरा मानना है कि अगर किसी को कोई शक है, तो उसे सुलझाना चाहिए। इस नजरिए से, भारतीय कानून के तहत मौजूद जांच एजेंसियों ने ऐसे मामलों में जैसी जांच की उम्मीद होती है, वैसी जांच पहले ही शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पहले व्यक्ति थे जिन्होंने केंद्रीय एविएशन मिनिस्ट्री को इस हादसे की डिटेल जांच के लिए लिखा था, जिसमें पवार, पायलट, को-पायलट और दो अन्य लोगों की जान चली गई थी।उन्होंने कहा, अगर हम अपने सिविल एविएशन सेक्टर की गलतियों या कमियों से सीख सकते हैं, तो हम उन्हें ठीक कर सकते हैं और इसे आम लोगों और नेताओं के लिए भी सुरक्षित बना सकते हैं। फडणवीस के कैबिनेट साथी और शिवसेना मंत्री संजय शिरसाट ने रोहित पवार की जांच की मांग का समर्थन किया।

## मेडागास्कर में चक्रवात गेजानी का कहर, 20 की मौत, 33 से अधिक घायल

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर स्थित मेडागास्कर में उष्णकटिबंधीय चक्रवात गेजानी के तट से टकराने के बाद 20 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 33 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि तेज हवाओं और इमारतों के ढहने से अधिकांश मौतें पूर्वी बंदरगाह शहर टोमासिना में हुईं। 15 लोग अब भी लापता हैं और 2,700 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चक्रवात मंगलवार देर रात टोमासिना से टकराया, जहां हवाओं की रफ्तार 195 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक दर्ज की गई।

# तू या मैं में विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे करियर का सबसे खास अनुभव रहा : पारुल गुलाटी

हिंदी सिनेमा में हर कलाकार के करियर में कुछ ऐसे प्रोजेक्ट आते हैं, जो उनके सीख और आत्मविश्वास का जरिया बन जाते हैं। अभिनेत्री पारुल गुलाटी के लिए उनकी आने वाली फिल्म तू या मैं कुछ ऐसा ही प्रोजेक्ट है। इस फिल्म के जरिए उन्हें मशहूर निर्देशक विजय नांबियार के साथ काम करने का मौका मिला है। इसको लेकर पारुल का कहना है कि यह फिल्म उनके करियर का सबसे खास अनुभव है।

इस सफर ने उन्हें एक कलाकार के रूप में और मजबूत बनाया है। फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए पारुल गुलाटी ने कहा, विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा रहा। मैं पहले से ही उनके काम की बड़ी प्रशंसक रही हूं। उनकी फिल्मों में कहानी कहने का तरीका, किरदारों की गहराई और फिल्म का माहौल ऐसा होता है कि फिल्म खत्म होने के बाद भी उसका असर मन पर बना रहता है।

ऐसे निर्देशक के साथ काम करना सम्मान की बात है। पारुल ने कहा, जिस निर्देशक के काम को आप सालों से देखते और पसंद करते आए हों, उसी के निर्देशन में कैमरे के सामने खड़ा होना बहुत खास एहसास देता है। तू या मैं ने मुझे यही मौका दिया। इस फिल्म ने उन्हें भावनात्मक, मानसिक और अभिनय के स्तर पर खुद को और बेहतर समझने का अवसर दिया। यह फिल्म मेरे करियर की सबसे खास है। इस फिल्म में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने सह-कलाकारों के बारे में बात करते हुए पारुल ने कहा, उनके साथ काम करना इस सफर को और भी खूबसूरत बनाता है। आदर्श गौरव बेहद ईमानदार और मेहनती अभिनेता हैं।

वह हर सीन में पूरी सच्चाई के साथ काम करते हैं। वहीं शनाया कपूर सेट पर नई ताजगी लेकर आती हैं। उनमें सीखने की काफी लगन है। पारुल ने कहा, जब आसपास ऐसे कलाकार होते हैं, तो काम को लेकर समर्पण और खुद को बेहतर करने की प्रेरणा अपने आप मिलती है। हर दिन सेट पर कुछ नया सीखने को मिलता है, और यही चीज किसी भी कलाकार को आगे बढने् में मदद करती है।



## निखिल सिद्धार्थ की भव्य ऐतिहासिक एक्शन फिल्म स्वयंभू को मिली नई रिलीज डेट

निखिल की माइथोलॉजिकल एंटरटेनर स्वयंभू काफी समय से रिलीज़ का इंतज़ार कर रही है। पहले मेकर्स ने फिल्म की रिलीज़ डेट 13 फरवरी बताई थी। जैसे ही फैंस एक्साइटेड हुए, पिछले कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि मेकर्स फिल्म की रिलीज़ को मार्च या अप्रैल तक पोस्टपोन कर देंगे। अब, कुछ मिनट पहले मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज़ डेट कन्फर्म कर दी है। फिल्म अब 10 अप्रैल को रिलीज़ होगी।



## गंदे मैले पायदान को बिना धोए साफ करने का आसान तरीका, इस ट्रिक से निकल जाएगी पूरी गंदगी

घर को साफ सुथरा बनाने के लिए और बाहर की गंदगी को घर में न आने देने के लिए पायदान का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन अगर पायदान ही गंदा हो जाए तो उससे पूरे घर में गंदगी फैलने लगती है। जूता चप्पल में फंसी गंदगी डोरमैट्स पर जमा होने लगती है। जिससे धूल और गंदगी घर के अंदर आने लगती है। बाथरूम के बाहर लोग पानी को रोकने और गीलेपन से बचने के लिए पायदान का इस्तेमाल करते हैं लेकिन पायदान गंदा होने पर बाथरूम तो गंदा होता ही है साथ ही घर भी गंदा हो जाता है। ऐसे में पायदान को साफ करना बहुत जरूरी है। अच्छी धुलाई करके ही पायदान को साफ किया जा सकता है। लेकिन हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिससे गंदे पायदान को बिना धोए भी आप क्लीन कर सकते हैं। जानिए बिना वॉश किए पायदान को साफ करने का ये आसान तरीका।

पायदान साफ करने की ट्रिक-वैक्यूम क्लीनर का उपयोग- घर की सफाई में लोग आजकल वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल करने लगे हैं। जैसे आप कालीन और मैट्स को क्लीन करते हैं वैसे ही मोटे हैवी पायदान को भी वैक्यूम क्लीनर से क्लीन किया जा सकता है। वैक्यूम क्लीनर से पायदान में लगी धूल-मिट्टी और गंदगी निकल जाएगी। आपको काफी दिनों तक पायदान को धोने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ब्रश का उपयोग करें- गंदे पायदान को कपड़ा धोने वाले ब्रश से आसानी से क्लीन किया जा सकता है। इसके लिए पहले पायदान को झाड़कर उसमें जमा धूल मिट्टी को साफ कर लें। अब कपड़ा धोने वाले किसी पुराने ब्रश से पायदान को घिसते हुए साफ करें। ध्यान रखें गीला नहीं बल्कि सूखा ही रगड़ना है। इससे पायदान में फंसी गंदगी, बाल और मिट्टी निकल जाएगी। इससे बिना धोए ही पायदान साफ हो जाएगा।

ड्राई क्लीनिंग से साफ करें- पायदान को घर पर आसानी से ड्राई क्लीन किया जा सकता है। इसके लिए गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ी फिटकरी डाल कर घोल सें। इसमें 2 ढक्कन शैंपू डालें और मिक्स कर लें। इसे किसी बोतल में डालें। अब एक साफ सूती कपड़ा लें और उस पर स्प्रे डालें। इस कपड़े से पायदान को साफ करें। इससे पायदान पर जमा गंदगी साफ हो जाएगी। इसके बाद पायदान को थोड़ी देर धूप में सुखा दें। इससे गंदगी निकल जाएगी।

## सेब में छुपा ग्लोइंग स्किन, तेज दिमाग और मजबूत दिल का राज, फायदे जानकर हो जाएंगे हैरान



सेब ऐसा फल है जिसे आप रोज खाएं तो आपको जल्दी डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि इसमें विटामिन, मिनरल्स, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। सबसे पहले बात करते हैं पाचन की, तो सेब में मौजूद पेक्टिन नाम का घुलनशील फाइबर आंतों की सफाई करता है, पाचन को मजबूत बनाता है और कब्ज, गैस जैसी दिक्कतों से राहत देता है। जो लोग अक्सर पेट खराब या अनियमित पाचन से परेशान रहते हैं, उनके लिए सेब काफी फायदेमंद माना जाता है। दिल के लिए भी यह फल एक तरह से ढाल का काम करता है, क्योंकि इसमें मौजूद फाइबर खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है और ब्लड फ्लो को बेहतर बनाए रखता है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम कम हो सकता है। वजन घटाने में भी ये काफी फायदेमंद होता है। सेब कम कैलोरी वाला है और इसे खाने से पेट देर तक भरा रहता है, जिससे बार-बार खाने की आदत नियंत्रित होती है। जो लोग वेट लॉस डाइट कर रहे हों, उनके लिए यह एक बढ़िया विकल्प है। सेब ब्लड शुगर को भी धीरे-धीरे बढ़ाता है, इसलिए डायबिटीज वाले लोग इसे सीमित मात्रा में खा सकते हैं। यह उनकी भूख को शांत रखता है और ऊर्जा भी देता है।

दिमाग के लिए भी यह फल कमाल का माना जाता है, क्योंकि इसके एंटीऑक्सीडेंट दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं और याददाश्त में सुधार करने में मदद करते हैं। त्वचा और बालों की बात करें तो सेब में मौजूद विटामिन सी स्किन को ग्लो देता है, झुर्रियां कम करता है और हेयर फॉल को कंट्रोल करने में भी मददगार माना जाता है। इसके नियमित सेवन से इम्युनिटी भी बढ़ती है, जिससे शरीर संक्रमणों से बेहतर तरीके से लड़ पाता है। सेब को छिलके सहित खाना ज्यादा बेहतर माना जाता है, क्योंकि फाइबर का ज्यादातर हिस्सा छिलके में ही होता है। दिन में एक से दो छोटे या मध्यम आकार के सेब आप खा सकते हैं।

# आकांक्षा चमोला ने अपने ग्लैमरस अवतार से इंटरनेट पर लगाई आग



बिग बॉस 19 के विनर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों खूब लाइमलाइट बटोर रही हैं. बिग बॉस 19 में सिर्फ एक दिन के लिए आने के बाद से ही आकांक्षा ट्रोलिंग क्वीन बन गई हैं. पहले वह मां नहीं बनने के फैसले पर ट्रोल हुई थीं और फिर वह अपने नए प्रोजेक्ट की वजह से लोगों के निशाने पर आ गईं. इन सबके बीच, आकांक्षा अपनी बिंदास लाइफ जी रही हैं. उन्होंने अपनी कुछ नई फोटोज से सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है. एक-एक फोटो पर फैंस कमेंट कर रहे हैं.

आकांक्षा चमोला ने अपनी नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. जिसमें वह रेड वाइन बनी हुई दिख रही हैं. इन फोटोज में आकांक्षा ने लाल रंग का गाउन पहना है, जो ऑफ शोल्डर है.

आकांक्षा चमोला अपनी इस तस्वीर में खिलखिलाकर मुस्कुरा रही हैं. एक्ट्रेस की स्माइल इस फोटो में चार चांद लगाने का काम कर रही हैं और उनकी छोटी चोटी आंखें काफी क्यूट लग रही हैं.

आकांक्षा चमोला ने अपने लुक को परफेक्ट रखा है. एक्ट्रेस ने रेड गाउन के साथ गोल्डन नेकपीस कैरी किया, जो काफी यूनिका दिखा और बालों को कर्ली करवाए. इस लुक में वह काफी क्यूट लगीं. आकांक्षा ने मिनिमल मेकअप से अपने लुक को एलिगेंट बनाने के काम किया.

आकांक्षा इन दिनों काफी ट्रोल हो रही हैं लेकिन उनकी इन फोटोज से साफ है कि एक्ट्रेस को ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ रहा. वह अपनी जिंदगी से काफी खुश हैं और आराम से अपनी लाइफ को एन्जॉय कर रही हैं.

आकांक्षा चमोला ने इन फोटोज पर खास कैप्शन लिखा है. उन्होंने इस फोटोज के साथ रेड रोज लगाए हैं. एक्ट्रेस ने बहुत ही प्यार के साथ अपने ट्रोलर्स को जवाब दिया है, जिससे उनकी बोलती बंद हो गई.

आकांक्षा चमोला की ये फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. इन फोटोज पर फैंस भर-भरकर प्यार लुटा रहे हैं. कई सारे फैंस ने हार्ट इमोजी भेजे हैं और कुछ फैंस फायर के इमोजी लगा रहे हैं. फैंस ने आकांक्षा को सबसे ज्यादा सुंदर बताया है.

आकांक्षा चमोला विवादों में हैं. आकांक्षा ने नेशनल टीवी पर कहा था कि उन्हें बच्चों की जिम्मेदारी नहीं चाहिए क्योंकि वह नहीं मानती कि वह इस जिम्मेदारी को उठा सकती हैं. इस पर वह काफी ट्रोल हुईं. गौरव खन्ना कई बार अपनी पत्नी का बचाव कर चुके हैं, लेकिन आकांक्षा को ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता.

## अर्जुन सरजा की फिल्म सीता पयानम का ट्रेलर जारी,14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी

एक्शन किंग अर्जुन अपनी बैनर श्री राम फिल्म्स इंटरनेशनल के तहत बनी फिल्म सीता पयानम से डायरेक्टर की कुर्सी पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म से उनकी बेटी ऐश्वर्या अर्जुन डेब्यू कर रही हैं, जिसमें निरंजन, सत्यराज, प्रकाश राज और कोवई सरला जैसे शानदार कलाकार भी हैं। अर्जुन खुद एक अहम कैमियो में नज़र आएंगे, जबकि उनके भतीजे, एक्शन प्रिंस ध्रुव सरजा एक स्पेशल अपीयरेंस से एक्साइटमेंट बढ़ाएंगे। यह फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी, और मेकर्स ने अभी-अभी इसका थिएट्रिकल ट्रेलर रिलीज़ किया है।

कहानी एक युवा शेफ के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे उसके बहुत ज़्यादा प्रोटेक्टिव पिता ने पाला है। एक लंबी ड्राइव के दौरान, वह अनिच्छा से एक अजनबी को लिफ्ट देती है - इस शर्त पर कि उसे आने वाली हर फ़ोन कॉल लाउडस्पीकर पर होगी। जो सफ़र एक हल्की-फुल्की यात्रा के रूप में शुरू होता है, वह धीरे-धीरे एक गहरा मोड़ लेता है, जिससे एक अप्रत्याशित ट्विस्ट आता है।

अर्जुन का अनुभव उनकी राइटिंग और डायरेक्शन दोनों में साफ़ दिखता है। ताज़ा कहानी, साफ़-सुथरी कहानी कहने का तरीका और उनका दमदार स्पेशल अपीयरेंस सबसे अलग हैं। निरंजन ने मेल लीड के तौर पर शानदार डेब्यू किया है, जबकि ऐश्वर्या अर्जुन आकर्षक दिखती हैं और एक आत्मविश्वासी, मैच्योर परफॉर्मेंस देती हैं।

सत्यराज प्रोटेक्टिव पिता के रूप में चमकते हैं, और प्रकाश राज इमोशनल गहराई लाते हैं - खासकर शादी के असली मतलब के बारे में एक मार्मिक सीन में। ध्रुव सरजा का एक्शन से भरपूर कैमियो एक्स्ट्रा पंच जोड़ता है।

जी बालमुरुगन की सिनेमैटोग्राफी शानदार विज़ुअल्स देती है, जबकि मेलोडी किंग अनूप रूबेंस अपने भावपूर्ण संगीत से माहौल को बेहतर बनाते हैं। साई माधव बुर्रा के डायलॉग्स असरदार हैं। अयूब खान ने एडिटिंग संभाली है, और किक ऐस काली ने डायनामिक स्टंट कोरियोग्राफी से एक्शन को और दमदार बनाया है। वैलेंटाइन डे पर रिलीज़ होने में बस एक हफ़्ता बचा है, और ट्रेलर ने सीता पयानम के लिए बहुत उम्मीदें जगा दी हैं।



## शब्द सामर्थ्य -313

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 312 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## जिंदगी न मिलेगी दोबारा 2 के साथ फिर मचेगा धमाल

साल 2011 में रिलीज फिल्म जिंदगी न मिलेगी दोबारा अपने सीक्वल को लेकर काफी समय से चर्चा में है। फिल्म निर्माता जोया अख्तर एक बार फिर अपनी पसंदीदा तिकड़ी ॠतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल को पर्दे पर वापस लाने की तैयारी कर रही हैं। बताया जाता है कि उन्होंने बहुप्रतीक्षित सीक्वल का पहला ड्राफ्ट पूरा कर लिया है। इस खबर ने फैंस की खुशी को सांतवें आसमान पर पहुंचा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीक्वल में ॠतिक, फरहान और अभय के किरदार 40 की उम्र में दिखाए जाएंगे। एक सूत्र ने बताया, जोया ने आखिरकार ऐसा ड्राफ्ट तय कर लिया है जिससे वह संतुष्ट हैं। उनका हमेशा से यही कहना था कि जिंदगी ना मिलेगी दोबारा का सीक्वल तभी बनेगा जब उसमें कुछ नया कहने को होगा। यह पुरानी यादों को ताजा करने वाली फिल्म नहीं है; फिल्म बीते समय और तीनों पुरुषों की जिंदगी में आए बदलावों को दर्शाती है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाया अपना दृष्टिकोण



**कोरिया बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर, जिला कोरिया में 11 फरवरी 2026 को भव्य एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान परिषद द्वारा प्रायोजित तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के उत्प्रेरण एवं अभिप्रेरण से जिला शिक्षा विभाग कोरिया के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस कोरिया के जिला समन्वयक हरिकान्त अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

यह आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया विनोद कुमार राय एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी तथा वर्तमान जिला क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले भर के हायर सेकेण्डरी, हाई स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में व्यावहारिक रूप से जुड़ा हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासा, नवाचार और अनुसंधान की भावना विकसित करने का संदेश दिया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर हायर सेकेण्डरी/हाई स्कूल स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर तीन प्रमुख विधाओं—मॉडल प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता—का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण और आधुनिक तकनीक से जुड़े नवाचार शामिल रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक सोच और सामाजिक जागरूकता का प्रभावी प्रदर्शन किया, वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ विज्ञान के महत्व और उसके सामाजिक प्रभाव पर विचार व्यक्त किए। आयोजन मंडल के सदस्य राजेश कुमार पाण्डेय, नरेन्द्र प्रसाद दुबे, वीरेंद्र जायसवाल एवं श्रीमती जिज्ञासा दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों का सूक्ष्म परीक्षण निर्णायक दल— धर्मेन्द्र कुमार सिंह, कमल डड़सेना एवं दामोदर साहू—द्वारा किया गया।

निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण, विषय की समझ एवं नवाचार को आधार बनाकर परिणाम घोषित किए। प्रत्येक विधा में दोनों स्तरों पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मार्गदर्शक शिक्षकों में सुनील जायसवाल, गौरव साहू, श्रीमती ज्योति पी.जे. नायर, अंजू सिंह, भीम धुरंधर, दिव्या गुप्ता, चंद्रवती सिंह, डॉ. कंचन कुशवाहा, स्वाती अम्बेकर, घोष, आशा महंत, एनी नम्रता, हेमलता नवरंगे, अखिलेश तिवारी, गीता सिंह, खुशबू सिंह, रेशमलाल बंजारे, संतोष कुमार यादव, संजय कुमार, रीना घितोड़े, दीपमाला दास, मैना पैकरा, विजय सोनी सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक सोच को प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह आयोजन जिले में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।



## पुलिस की सख्ती से अवैध कार्यों में संलिप्त तत्वों में बढ़ी बेचैनी

**चिरमिरी।** पुलिस महानिदेशक सगुजा रेंज सरगुजा एवं पुलिस अधीक्षक जिला एम सी बी के निर्देशानुसार जिले भर में चलाए जा रहे एवं अवैध कार्यो पर प्रभावी कार्रवाई के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी चिरमिरी विजय सिंह के द्वारा विशेष टीम बनाकर बीते बुधवार को छोटा बाजार निवासी सदानंद उर्फ़ सद्दा बिसाई पिता स्व नरसिंघ बिसाई उम्र करीब 56 वर्ष जो अपने अपने घर के सामने मोबाइल व्हाटअप के जरिये सट्टा पट्टी ले रहा था जिसे मौके पर दबिश देकर पकड़ा गया जिसके कब्जे से सट्टा पट्टी नगद 2210 रुपये एक मोबाइल जप्त किया गया आरोपी द्वारा संगठित होकर छोटी बाजार निवासी शिवराम सोनवानी को सट्टा पट्टी दे रहा था जो फरार है जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी मोबाइल में आये अन्य नमो की जाँच की जा रही है आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया प्रकरण के फरार आरोपी शिवराम सोनवानी की पताशाजी की जा रही है उक्त संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, अशोक एक्का, विश्वनाथ सिंह चंद्रसेन राजपूत मदन राजवाड़े हाफिज कुरैशी महिला आरक्षक राजेंद्र कुमारी,यसोदा रजवाड़े का अहम योगदान रहा।



## 348 दिन बाद स्वास्थ्य लाभ लेकर घर लौटीं जनपद सदस्य आशा महेश साहू

**कोरिया बैकुंठपुर।** जनपद सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैकुंठपुर श्रीमती आशा महेश साहू लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में उपचार उपरांत वे लगभग 348 दिनों बाद पूर्ण स्वास्थ्य लाभ लेकर अपने गृह ग्राम कोचीला लौटीं। घर पहुंचते ही परिवार एवं क्षेत्र की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज से उनका स्वागत किया। बहनों द्वारा आरती उतारी गई और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस दौरान घर का माहौल भावुक और आत्मीय रहा। उनके लौटने की खबर मिलते ही समर्थकों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों द्वारा मुलाक़ात कर सभी ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ पर प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों ने कहा कि आशा महेश साहू के स्वस्थ होकर लौटने से क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। आशा महेश साहू ने भावुक होकर कहा कि बीमारी के इस कठिन दौर में क्षेत्रवासियों के स्नेह, आशीर्वाद और दुआओं ने उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखा। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य लाभ के बाद उन्होंने कहा कि अब वे पुनः पूरे उत्साह और समर्पण के साथ क्षेत्र की सेवा और विकास कार्यों में जुटेंगी।

# राष्ट्रीय कार्यक्रमों का लक्ष्य प्राप्त करने समीक्षा बैठक में हुआ मंथन

**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परिसर के सभा कक्ष में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह की अध्यक्षता में विगत दिनों विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य अमलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कैंसर स्क्रीनिंग एवं रिस्क्रीनिंग की शत-प्रतिशत एंट्री पूर्ण करने, एनसीडी क्लीनिक के सुचारू संचालन एवं पोर्टल एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत योजना के लंबित लक्ष्यों को 15 फरवरी तक पूर्ण करने, टीबी मुक्त पंचायत लक्ष्य की प्राप्ति तथा वॉर्नेबल पॉपुलेशन की निक्षय पोर्टल पर एंट्री पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही युविन पोर्टल सहित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की ऑनलाइन एंट्री समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, तत्काल पंजीयन, इंडिकेटर अनुसार चिन्हांकन एवं उचित स्वास्थ्य प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संस्थागत सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया। कम वजन वाले शिशुओं के लिए कंगारू मदर केयर प्रशिक्षण अनुसार प्रबंधन एवं नियमित प्रगति रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए गए। एलसीडीसी अंतर्गत लेप्रोसी संभावित मामलों की साप्ताहिक जांच एवं सीडीआर एंट्री समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। डॉ. प्रशांत सिंह ने विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधकों, खंड विस्तार अधिकारियों तथा जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना अनुसार लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने फील्ड स्तर पर निरंतर निगरानी, साप्ताहिक सेक्टर बैठकों एवं मासिक समीक्षा बैठकों में प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही कमजोर प्रदर्शन वाले कर्मचारियों की सूची तैयार कर अवगत कराने तथा लक्ष्य प्राप्ति में आ रही कठिनाइयों की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समर्पण दिवस के रूप में पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित कचहरीपारा मे श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे नागरिकगण एवं मातृशक्ति सम्मिलित होकर महान विचारक, प्रखर राष्ट्रवादी नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक नागेशनाथ योग एवं अध्यक्षता कृष्णबिहारी जायसवाल के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी ने कहा कि, सार्वजनिक जीवन में कोई राजनेता होता है, कोई विचारक होता, कोई संगठक होता है लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्री इन वन थे, वे एक समर्पित राजनेता भी थे, महान विचारक भी थे और कुशल संगठक भी थे। बहुत कम समय में उन्होंने पार्टी को आगे ले जाने में भी सफलता प्राप्त की। उन्होंने भारतीय रीति, नीति और संस्कृति में अर्थ चिंतन और विकास के सिद्धांत को प्रतिपादित किया। कृष्णबिहारी जायसवाल ने पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, समाज के अंतिम छोर पर स्थित व्यक्ति के कल्याण के लिए भाजपा सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं को विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले उद्बोधन में कहा था कि हमारी सरकार देश के गाँव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित और आदिवासियों को समर्पित सरकार है। इस अवसर पर देवेन्द्र तिवारी, मोहित पैकरा, बसंत राय, राजेश सिंह, शैलेष शिवहरे, पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, गायत्री सिंह, शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, मंजू जिवनानी, तीरथ राजवाड़े, वर्षा साहू , गणेश यादव, अनिल खटिक, मैनेजर राजवाड़े, दीपा विश्वकर्मा, संजय चिकनजूरी, रामलखन यादव, सचिदानंद द्विवेदी, रवि त्रिपाठी, मुन्ना चक्रधारी, सतेन्द्र राजवाड़े, रीता यादव, आंचल सिंह, कृष्णा प्रजापति, प्रेमप्रकाश पाण्डेय, दिलराज रवि, लहरे राजा, विमलचंद चेरवा, रेखा वर्मा, अवधेश सिंह, अभिनेन्द्र चंदेल, प्रियंका सिंह, झर्मिला सिंह, प्रदीप राजवाड़े, एस.के.रूप, प्रदीप राजवाड़े, दिलीप राजवाड़े, मनीष शुक्ला, कृष्णा पैकरा सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

# शिव पुराण महाकथा के शुभारंभ पर उमड़े श्रद्धालु

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत की पावन धरा इन दिनों शिवमय वातावरण से गुंजायमान है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के मार्गदर्शन में महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् शिव पुराण महाकथा का भव्य शुभारंभ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



सोनहत में आयोजित इस वृहद धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर शिवमहिमा का श्रवण कर रहे हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया है। श्रद्धालु पर्याप्त समय देकर कथा का आनंद उठा रहे हैं और भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, वृंदावन के सुप्रसिद्ध आचार्य पंडित विनयकांत त्रिपाठी के श्रीमुख से श्रीमद् शिव पुराण कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। अपने मधुर एवं प्रभावशाली वाचन शैली से आचार्य श्री त्रिपाठी जी शिव पुराण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर रहे हैं। कथा के माध्यम से वे भगवान शिव के चरित्र, उनकी करुणा, त्याग, तप और लोककल्याणकारी स्वरूप का विस्तृत वर्णन कर रहे हैं। साथ ही, जीवन में धर्म, सत्य और सदाचार के महत्व को भी रेखांकित कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं। उन्होंने विधायक रेणुका सिंह एवं महादेव सेवा समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण पहल बताया। आयोजक संस्था महादेव सेवा समिति द्वारा यह पावन आयोजन आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करना भी है। सोनहत में आयोजित यह शिव पुराण महाकथा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक बनकर उभर रही है। विभिन्न वर्गों और आयु समूहों के लोग एक साथ बैठकर कथा श्रवण कर रहे हैं, जिससे आपसी भाईचारे और सामंजस्य का संदेश प्रसारित हो रहा है। भगवान भोलेनाथ की कृपा से यह महाकथा जनकल्याण, सामाजिक सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बने—इसी भावना के साथ श्रद्धालु निरंतर कथा में सहभागी बन रहे हैं। पूरे क्षेत्र में 'हर हर महादेव' के जयघोष से वातावरण गुंजायमान है और शिवभक्ति की धारा अविरल प्रवाहित हो रही है।

## न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**रामानुजगंज।** ग्राम महावीरगंज स्थित न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, युवा जनपद सदस्य अशर्फी यादव, राजकुमार यादव तथा चौकी प्रभारी अश्वनी सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। नृत्य, गीत, नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि वसंत गुप्ता एवं रश्मि गुप्ता द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को देखकर विद्यालय की पूरी टीम की मेहनत स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

## रिकार्ड अपडेट देख बोले-गुड, रात्रि गश्त में एलर्ट दिखे अधिकारी व जवान

**सूरजपुर।** जयनगर में आधी रात को पुलिस अलर्ट मोड में दिखी, अचानक डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना का औचक निरीक्षण किया और क्षेत्र में रात्रि गश्त का हाल जाना। दिनांक 9-10 फरवरी 2026 की दरम्यानी रात्रि में पुलिसकर्मी अचानक अपने बीच डीआईजी/एसएसपी को देखकर तत्काल अलर्ट मोड में आ गए। इस दौरान थाना के रिकार्ड अपडेट और नाईट आफिसर द्वारा रात्रि गश्त विवरण, निगरानी व गुण्डा बदमाशों की जानकारी बेहतर तरीके से बताने पर डीआईजी/एसएसपी ने गुड कहा।







# खड़गवां में मितानिन सम्मेलन का शुभारंभ किया स्वास्थ्य मंत्री ने

**एमसीबी।** विकासखंड खड़गवां के जनपद ग्राउंड में मितानिन सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा 20 सूत्रीय क्रियान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया । सम्मेलन में विकासखंड एवं जिला स्तर के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धरम पाल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनंजय पांडे, जनपद पंचायत खड़गवां की अध्यक्ष, क्षेत्र के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला एमसीबी डॉ. अविनाश खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिशिर जायसवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी खड़गवां डॉ. मनीष प्रताप सिंह, बीपीएम, जिला नोडल अधिकारी, डीसी, एसी (शहरी), बीसी (ग्रामीण), शहरी एवं ग्रामीण मितानिन प्रशिक्षक, समस्त मितानिन बहनें तथा ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। अपने उद्बोधन में मंत्री जायसवाल ने कहा कि मितानिन बहनों की सेवा और समर्पण अतुलनीय है । उन्होंने कहा कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि वे स्वयं को उनका भाई और बेटा मानते हैं तथा हमेशा उनके कार्यों को याद रखते हैं । मंत्री ने कहा कि मितानिन सरकारी कर्मचारी नहीं होते हुए भी निस्वार्थ भाव से कार्य करती हैं और केवल प्रोत्साहन राशि पर सेवाएं देती हैं। उन्होंने बीजापुर और जशपुर क्षेत्र के उदाहरण देते हुए बताया कि कठिन परिस्थितियों, बाढ़ और दुर्गम क्षेत्रों में भी मितानिनों ने पहुंचकर सुरक्षित प्रसव और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की हैं । उन्होंने जानकारी दी कि मितानिनों के भुगतान को लेकर व्यवस्था मजबूत की गई है और निर्धारित तिथि तक भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। चिरमिरी में मितानिन भवन की मांग पर 20 लाख रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं, जो जिला अस्पताल के पास निर्मित होगा। जिलास्तरीय प्रशिक्षण के लिए सीएमएचओ को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री ने मितानिनों से महतारी सदन का उपयोग करने और अपनी मांगें विभाग तक पहुंचाने का आग्रह किया। सम्मेलन में मितानिनों के कार्यों की सराहना की गई तथा स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया गया।

## जिले में धान उठाव ने पकड़ी रफ्तार, 2.83 लाख क्विंटल परिवहन के साथ 32.19 प्रतिशत प्रगति दर्ज

**एमसीबी।** धान खरीदी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में धान उठाव अभियान ने अब तेज रफ्तार पकड़ ली है। जिला प्रशासन की सुदृढ़ कार्ययोजना, विभागीय समन्वय और सतत मॉनिटरिंग के चलते उपार्जन केंद्रों से धान का सुरक्षित एवं समयबद्ध उठाव निरंतर जारी है। सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था के कारण उपार्जन केंद्रों में किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हो रही है और किसानों को भी किसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। जिले के 19 हजार 58 किसानों से अब तक कुल 8 लाख 79 हजार 848 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। विभिन्न उपार्जन केंद्रों से धान उठाव की स्थिति इस प्रकार है जिसमें कछोड़ से 6,900 क्विंटल, केल्हारी से 35,130 क्विंटल, कटकोना से 1,790 क्विंटल, कोड़ा से 8,130 क्विंटल, कौड़ीमार से 17,380 क्विंटल, खड़गवां से 1,540 क्विंटल, बरदर से 19,530 क्विंटल, रतनपुर से 18,830 क्विंटल, सिंगहत से 13,610 क्विंटल, कुवांरपुर से 890 क्विंटल, घुटरा से 17,130 क्विंटल, कठौतिया से 21,760 क्विंटल, चैनपुर से 30,190 क्विंटल, बंजी से 7,220 क्विंटल, जनकपुर से 1,060 क्विंटल, डोडकी से 10,120 क्विंटल, नागपुर से 22,560 क्विंटल, बरबसपुर से 26,540 क्विंटल, माड़ीसरई से 8,120 क्विंटल तथा सिंगरौली से 900 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। अब तक जिले में कुल 2 लाख 83 हजार 240 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उठाव पूर्ण हो चुका है, जो कुल उपार्जित धान का 32.19 प्रतिशत है। यह आंकड़ा जिले में उठाव कार्य की सतत और प्रभावी प्रगति को दर्शाता है। निर्धारित परिवहन व्यवस्था के तहत धान को सीधे मिलरों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे भंडारण व्यवस्था संतुलित बनी हुई है और उपार्जन केंद्रों पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ रहा है।

# लेबर कोड पर हड़ताल, कोल सेक्टर में मिश्रित असर बिजली सेक्टर और अन्य क्षेत्रों में निर्बाध चला काम

**कोरबा।** लेबर कोड में परिवर्तन सहित कई मुद्दों को लेकर ट्रेड यूनियनों की आज आह्वान्वित देशव्यापी हड़ताल औद्योगिक जिले कोरबा में रही। जिले के कोल सेक्टर में इसका मिश्रित असर देखा गया। बिजली सेक्टर में बिना किसी दिक्कत के अधिकारियों-कर्मचारियों और कामगारों ने काम करने में भरपूर रूचि ली। जबकि एल्यूमिनियम सहित दूसरे उद्योगों में सामान्य असर रहा। हड़ताल का समर्थन कुछ संगठनों ने किया था। हड़ताल के मामले में प्रबंधन और यूनियनों ने उपस्थिति को लेकर अलग-अलग दावे किए हैं। हालांकि हड़ताल निपटने के बाद उत्पादन के ग्राफ स्पष्ट होने पर सही जानकारी सामने आ सकेगी।

मजदूरों के बीच उद्योग जगत में काम करने वाले ट्रेड यूनियनों ने कुछ महीने पहले देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था। ऑपरेशन सिंदूर के कारण इसे टाल दिया गया। नई तारीख में 12 फरवरी का दिन चुना गया। पहले की तरह इस बार भी मुद्दे वही थी, जिनमें 44 श्रम कानूनों के स्थान पर 4 कानून बनाने और इन पर क्रियान्वयन करने की बात कही गई। ट्रेड यूनियन केंद्र सरकार की इस नीति से नाराज है। उनका कहना है कि नियमों में अप्रत्याशित बदलाव करने से कार्यस्थल पर प्रबंधन सहित ठेकेदारों की तूती बोलेगी। इसके ठीक उल्टे मजदूरों का शोषण होगा। फैक्ट्री एक्ट को प्रभावशील करने के मामले में जो नियम तय किए गए हैं उसे भी मजदूरों के लिए हानिकारक और प्रबंधन के लिए हद से ज्याद लाभकारी बताए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बड़े औद्योगिक जिले कोरबा में ट्रेड यूनियनों एचएमएस, इंटक, एटक, सीटू की हड़ताल को लेकर लगातार यहां-वहां अभियान चलाए गए। कन्वेंशन में भी बात हुई। समर्थन जुटाए गए। नतीजा यह रहा कि कोल सेक्टर में हड़ताल को मिश्रित सफलता मिली।





## काली पट्टी के साथ विरोध और काम भी

गजब बात यह रही कि पॉवर सेक्टर में देशव्यापी हड़ताल को सिरे से खारिज कर दिया गया। इसके ठीक उल्टे कोरबा में बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने हड़ताल के मुद्दों को एक स्तर पर समर्थन भी दिया। विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने सब स्टेशन सहित अन्य क्षेत्रों में हड़ताल का संदेश देने की कोशिश की। उन्होंने काली पट्टी लगाकर श्रम नीतियों का विरोध जरूर किया लेकिन वे काम पर भी रहे। यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि विद्युत हर किसी की आवश्यकता है। इसे आवश्यक सेवाओं में शामिल किया गया है इसलिए ड्यूटी करनी तो बनती है। चूंकि श्रम कानून के मामले बहुत सारे कर्मियों और असंगठित मजदूरों के हितों से जुड़े हैं इसलिए इनके प्रति भी हमारी प्रतिबद्धता है। ऐसे में नीतिगत रूप से नवीन कानूनों का विरोध करना जायज है। यूनियन के प्रतिनिधियों ने कहा कि मजदूर हित में बात करना किसी भी दृष्टिकोण से गलत नहीं है। रहा सवाल हड़ताल का, तो यह लोकतांत्रित अधिकार है। वहीं स्थिति के आधार पर कर्मियों की भागीदारी इस तरह की हड़तालों में तय होती है।

आउटसोर्सिंग वाले कामकाज बेहतर तरीके से चलने की खबर है। एसईसीएल कुसमुंडा, कोरबा, गेवरा और दीपका विस्तार की कोयला खदानों में नियमित कामगारों की उपस्थिति उस मामले में कुछ कम रही जो संगठन विशेष से जुड़े हुए हैं। जबकि हड़ताल से बाहर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के आह्वान पर उसके समर्थक कामगारों ने इस हिसाब से काम लिया। कोयला खदानों में समर्थक संगठनों के लोगों ने सुबह नारेबाजी की। उन्होंने खुद कामकाज से दूरी बनाई और दूसरों को भी मौके पर जाने से रोका। टकराव की स्थिति को रोकने के लिए यहां-वहां पुलिस और सुरक्षा बल ड्यूटी करता रहा।

कोरबा जिले में ही हड़ताल की दूसरी तस्वीर पॉवर सेक्टर में देखने को मिली। एनटीपीसी की 2600 मेगावाट वाली विद्युत परियोजना सहित 1200 मेगावाट की बालको, 1300 मेगावाट की एचटीपीएस, 500 मेगावाट की डीएसपीएम और 120 मेगावाट की हसदेव बांगो जल विद्युत परियोजना के अलावा 800 मेगावाट की अडाणी पॉवर और निजी क्षेत्र की दूसरी परियोजनाओं में सामान्य दिनों की तरह उत्पान जारी रहा। यहां की श्रमशक्ति ने इन कार्यों में अपना श्रम लगाया। जिले के दूसरे उद्योगों में भी कामकाज की गति कुछ ऐसी रही।

## कांग्रेसी उतरे माइंस में बंद कराया मशीनों को



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में कांग्रेस ने ट्रेड यूनियन की हड़ताल का समर्थन किया। उन्होंने गेवरा से झंडा-बैनर के साथ रैली निकाली और गेवरा खदान के रलिया ओबी सेक्टर में पहुंचकर का कार्यकर्ताओं ने कामकाज को बंद कराया जो पहले की तरह बेहतर ढंग से चल रहा था। बताया गया कि पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभा तंवर, तनवीर अहमद, प्रशांति सिंह, हर्षित सिंह सहित अनेक पार्षद व कार्यकर्ताओं ने इंटक के साथ मिलकर अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण मजदूर हित प्रभावित हो रहे हैं इसलिए हड़ताल के माध्यम से सरकार को सचेत किया जा रहा है। हरीश परसाई ने कहा कि खदान बंद कराने से कड़ा संदेश दिया जा सकता है इसलिए इस काम को किया गया।

## टेनिस कोर्ट के लिए भेजा प्रस्ताव

**कोरबा।** एसईसीएल केंद्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व के जेसीसी सदस्यों ने एक टेनिक कोर्ट बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक इंडोर स्टेडियम टेनिस खेल के लिए बनाया जाए ताकि इस कोट का उपयोग अन्य कामों के लिए किया जा सके। जेसीसी सदस्य दिलीप सिंह, राजेश पांडेय, संतोष टंडन, राजेन्द्र यादव, दूजराम मिलन का कहना है कि प्रबंधन हमेशा खेलों को बढ़ावा देती रही है। यहां के खिलाड़ी शेत कुमार, मो. शाहिद कई मेडल प्राप्त कर चुके हैं। प्रबंधन ने आश्वासन देते हुए कहा कि उचित स्थान का चयन करने के बाद मुख्यालय को टेनिस कोट के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान अधिकारियों ने तीरंदाजी में मेडल प्राप्त करने वाले शेत कुमार को सम्मानित किया।

## करतला मंडल में 14 को बैठक

**कोरबा।** भाजपा द्वारा विकसित भारत जीरामजी को लेकर सभी मंडलों में बैठक को रही है। जिला संयोजक चुलेश्वर राठौर के द्वारा मंडल अध्यक्षों से चर्चा कर अलग-अलग तारीक तय की जा रही है। आज भिलाई बाजार मंडल में दिनेश राठौर द्वारा बैठक रखी गई है। इस बैठक में प्रभारी के रूप में कमला बरेठ शामिल होगी। करतला में भी 14 फरवरी को बैठक आयोजित है। यहां पर राम कुमार गभेल द्वारा बैठक आयोजित की गई है। जिसमें प्रभारी सतीश झा शामिल होंगे। इधर कोसाबाड़ी नगर मंडल के बुधवारी बाजार मैदान में भाजपा द्वारा आज बजट संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पुनीराम साहू, मिलापराम, तेरस महंत, सुभाष राठौर, दिनेश तिवारी, रूपा मनहर, स्वाती कश्यप तैयारी में लगी हैं।

# धोबीबारी में 50 हाथियों ने कई परिवारों को किया बेघर, चट किया पीडीएस का राशन

### एक गाय और तीन बकरियों की ली जान

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कटोरी नगोई के आश्रित ग्राम धोबीबारी में बीते 5-6 दिनों से 50 जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। हाथियों के झुंड ने गांव में धावा बोलकर सभी कच्चे मकानों को तहस-नहस कर दिया, जिससे लगभग 10 परिवार बेघर हो गए हैं। पंडों, रजवार, गोंड और धोबी समुदाय के लोग अब मजबूरी में जंगल के पेड़ों के नीचे शरण लेने को विवश हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से हाथियों की हरकतें मुश्किल में डाल रही है। शाम करीब 4 बजे के आसपास हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर जाता है और भारी नुकसान पहुंचाता है। 11 फरवरी को हाथियों ने तीन बकरियों और एक गाय को मार डाला। जान बचाने के लिए ग्रामीणों को दूर तक भागना पड़ा, तब कहीं जाकर हाथी गांव से हटे। निवासी सुनील पांडव, जगदेव पांडव और बंधन धोबी ने बताया कि हाथियों के



हमले से मवेशियों के साथ-साथ फसलें भी बर्बाद हो चुकी हैं। पीडीएस से मिला राशन भी खत्म हो गया है, जिससे गांव में खाने-पीने का संकट गहरा गया है।

ग्रामीणों ने वन विभाग पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विभाग की कार्रवाई से न तो हाथी गांव से हट रहे हैं और न ही लोगों को सुरक्षा मिल पा रही है। पड़ो समाज के मुखिया सुंदर पड़ो ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और विकराल हो सकती है, जिससे जनहानि की आशंका भी बढ़ जाएगी। गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। लोग प्रशासन और वन विभाग से तत्काल राहत, मुआवजा और सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

## हनुमंत कथा का संयोजक बनाया अमरजीत को



**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक, हनुमान जी के अनन्य भक्त संत धीरेंद्र शास्त्री के सान्निध्य में कोरबा में हनुमंत कथा मार्च में होने जा रही है। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। 27 फरवरी को 21 हजार मातृशक्ति भव्य कलश यात्रा निकालेंगी। सफाई कर्मी आयोजन में मुख्य यजमान की भूमिका में होंगे। आयोजन समिति के संयोजक के रूप में अमरजीत सिंह, सचिव डॉ. पवन सिंह तथा कोर टीम में ऋषभ केशरवानी, तपिश, रवि गिडवानी, नवल गुप्ता, ऋषभ शुक्ला को जिम्मेदारी सौंपी गई। श्रद्धालुओं के लिए भारत मां की रसोई को सतत रूप से समाजसेवी प्रेम मदान संचालित करेंगे। निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने भी अहम सुझाव दिए।

## गांव में आकर छिपा था दुष्कर्मी, किया गिरफ्तार



**कोरबा।** करतला पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी अमृतलाल अघरिया को गिरफ्तार कर लिया। सूचना मिली थी कि वह गांव में आकर छिपा हुआ है। उसे आज कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि 17/2026 के प्रकरण में उसकी गिरफ्तारी हुई। एक पीड़िता ने शिकायत की थी कि विवाह का झांसा देकर अघरिया लंबे समय से उससे जबरजस्ती कर रहा है। कई मौकों पर उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने विवाह के लिए दबाव बनाया तो धमकी-चमकी दी जाने लगी। थक-हारकर पीड़िता ने अपने परिजनों को इस मामले से अवगत कराया। हर तरह के रास्ते बंद होने पर पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि प्रकरण दर्ज करने के साथ आरोपी की खोजबीन की जा रही थी लेकिन वह फरार था। उसकी निगरानी बढ़ाई गई। एक गुप्तचर से सूचना मिली कि आरोपी बाहर से आकर अपने गांव में छिपा हुआ है। थाना प्रभारी और टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे दबोच लिया। मामले में कागजी कार्यवाही करते हुए आरोपी को आज कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है।



सीएसईबी खेल मैदान में संपन्न मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह में नवयुगलों को आशीर्वाद दिया सामाजिक कार्यकर्ता रामकुमार साहू ने।

# ग्रीन बेल्ट के आसपास कटाई पर जागा निगम, थमाया नोटिस

### आखिर कौन दे रहा संरक्षण

**कोरबा।** कोरबा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर-28 स्थित हेलीपैड नर्सरी (ग्रीन जोन) में शासकीय जमीन पर रातोंरात पक्के मकान का निर्माण किया जा रहा था। एक कमरेनुमा प्लॉट काटकर दीवारें खड़ी की जा रही थीं। नगर निगम की नजर पड़ते ही निर्माण कार्य पर कार्रवाई करते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। इस इलाके में कई संगठनों के बैनर-पोस्टर लगे हुए हैं, इस पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि शासकीय भूमि पर कब्जा नियम खिलाफ है। हेलीपैड नर्सरी ग्रीन जोन में अवैध कब्जे को लेकर रवि शंकर जोन कार्यालय ने 7 तारीख को नोटिस जारी किया है। स्थल पर अभी भी निर्माण सामग्री और खड़ी दीवारें मौजूद हैं। आशंका है कि कब्जाधारी कभी भी यहां पूर्ण रूप से कब्जा कर सकता है। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर कब्जा किया जा रहा है, उसके पास ही एक सामाजिक भवन भी बना हुआ है, जिसका उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधि ने किया था। जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य संभवत-रात के समय किया गया, ताकि किसी को भनक न लगे। हेलीपैड नर्सरी में अवैध कब्जे को लेकर वार्ड पार्षद सिमरनजीत सिंह कौर पहले भी कई बार नगर निगम से शिकायत कर चुके हैं। कुछ साल पहले नगर निगम ने ग्रीन जोन में हुए अवैध कब्जों पर कार्रवाई की थी, लेकिन अब फिर से कब्जे की कोशिशें सामने आ रही हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि शहर के बीच स्थित यह हेलीपैड नर्सरी लोगों के लिए ऑक्सीजन जोन की तरह है। यहां सुबह-शाम लोग टहलने आते हैं। लोगों का कहना है कि धीरे-धीरे यहां कब्जे का खेल बढ़ता जा रहा है, जिससे हरे-भरे क्षेत्र का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

## प्रदर्शन में शामिल होने युवक कांग्रेसी रायपुर गए

**कोरबा।** मनरेगा का नाम परिवर्तन किये जाने पर आज रायपुर में युवक कांग्रेसियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए युवा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री लक्ष्मी कंवर के नेतृत्व में कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए हैं। इसी तरह कटघोरा विधानसभा के अध्यक्ष रहमान खान, बांकीमंडल अध्यक्ष कुणाल आजाद, दीपका के अध्यक्ष सद्दाम, उदय चंद्रा सहित कई कार्यकर्ता मनरेगा का नाम परिवर्तन का विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस द्वारा भी कई ब्लाको में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कटघोरा में गोरेलाल यादव, जीवन यादव, फूलचंद कश्यप, लल्लू सिंह, रामगोपाल कंवर ने चौपाल लगाया। इसी तरह कटघोरा ब्लाक के अशरफ मेमन भी अपने क्षेत्र में सक्रिय है। आने वाले दिनों में बांकी ब्लाक के अध्यक्ष संजय आजाद, अजय प्रसाद, यशपाल कंवर, धनंजय दीवान, परमानंद सिंह द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## दो स्कूलों में ट्रैफिक रूल्स की जानकारी दी पुलिस ने



**कोरबा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर जिले में ट्रैफिक पुलिस का अभियान जारी है। विद्यार्थियों को इस बारे में जानकारी देने के लिए पुलिस अपनी ड्यूटी निभा रही है। हायर सेकेंडरी स्कूल साडा कन्या और शासकीय हाईस्कूल कोरबा में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें जानकारी दी गई। ट्रैफिक पुलिस की स्थल टीम ने मौके पर पहुंच कैंप आयोजित किया। बैनर पोस्टर के साथ पुलिस की ओर से चलाई जा रहे अभियान पर बात की गई। ट्रैफिक स्टाफ ने यहां पर बताया कि सड़क सुरक्षा नियम सभी के लिए बराबर है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आवागमन के दौरान हर हाल में इनका परिपालन सुनिश्चित किया जाए। सुरक्षा के नाते यह सब करना आवश्यक है। वजह बताई गई की लोगों का जीवन अनमोल है और किसी की भी लापरवाही से प्रतिकूल परिस्थितियों निर्मित हो सकती है इसलिए ट्रैफिक नियमों के पालन को ईमानदारी से अपनाया जाए। इस दौरान पुलिस ने बीते वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में हुई कैजुअल्टी की भी जानकारी दी और इसके माध्यम से समझाने का प्रयास किया कि नियम पालन करने का मतलब अपनी और दूसरों की सुरक्षा करना है। इस मौके पर प्राचार्य भरत शर्मा, इंदु अग्रवाल, दिलीप यादव और शिक्षक उपस्थित थे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com